Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

नये भारत की नई सोच

RNI NO. UPHIN/2018/76874

वर्षः 5 अंकः 120 | गुरुवार ,18 अप्रैल-2024 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## थम गया पहले चरण के चुनाव प्रचार का शोर

# 21 राज्यों की 102 सीटों पर 19 अप्रैल को होगी वोटिंग

**नई दिल्ली।**

जिन 21 राज्यों में 19 अप्रैल को मतदान होना है, वहां प्रचार बुधवार शाम 5 बजे समाप्त हो गया। आम चुनाव के पहले चरण में 102 निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान होगा। लोकसभा चुनाव के पहले चरण का प्रचार अभियान यानी 17 अप्रैल की शाम थम गया है। 19 अप्रैल को पहले चरण की वोटिंग होगी। देश के 21 राज्यों की 102 लोकसभा सीटों पर कुल 1626 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं। पहले चरण में आठ केंद्रीय मंत्री, दो पूर्व मुख्यमंत्री और एक पूर्व राज्यपाल की किस्मत दांव पर लगी है।

जिन 21 राज्यों में 19 अप्रैल को मतदान होना है, वहां प्रचार बुधवार शाम 5 बजे समाप्त हो गया। आम



चुनाव के पहले चरण में 102 निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान होगा। भाजपा, कांग्रेस और अन्य दलों ने पहले चरण से पहले मतदाताओं को लुभाने के लिए हर संभव प्रयास किया, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने चुनाव वाले निर्वाचन क्षेत्रों में कई रैलियों को संबोधित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने असम के नलबाड़ी और त्रिपुरा के अगरतला में दो चुनावी रैलियां कीं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कर्नाटक में प्रचार किया, जबकि उनकी बहन प्रियंका गांधी वाड्रा ने उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में चुनावी रैली की।

### *राहुल-अखिलेश ने संयुक्त ब्रीफिंग की*

*पहले चरण के चुनाव प्रचार के आखिरी दिन कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने गाजियाबाद में संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस की। सपा और कांग्रेस, जो व्यापक भारत गठबंधन का हिस्सा हैं, ने उत्तर प्रदेश में आम चुनाव लड़ने के लिए हाथ मिलाया है। दोनों नेताओं ने बीजेपी पर तीखे हमले करते हुए कहा कि पार्टी संविधान और लोकतांत्रिक व्यवस्था को नष्ट करने की कोशिश कर रही है। राहुल ने यह भी भविष्यवाणी की कि भाजपा आगामी लोकसभा चुनाव में सिर्फ 150 सीटें जीतेगी जबकि कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों की संख्या में उछाल देखने को मिलेगा।*

## टाइम मैग्जीन की 100 सबसे प्रभावशाली हस्तियों में शुमार हुईं आलिया भट्ट

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस आलिया भट्ट को फिल्म इंडस्ट्री में 12 साल हो चुके हैं। इन सालों में अभिनेत्री ने ज्यादातर हिट फिल्में दी हैं और कई अवॉर्ड भी जीते हैं। अभिनेत्री ने अपने काम लेकर नए-नए रिकॉर्ड भी तैयार किए हैं। अब आलिया का नाम एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है। हर साल की तरह इस साल भी टाइम मैग्जीन ने अपनी 100 सबसे प्रभावशाली शख्सियतों की लिस्ट जारी की है, जिसमें आलिया भट्ट का भी नाम शामिल है। इसकी जानकारी खुद उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर करके दी है। सिंगर दुआ लीपा, ऑस्कर विजेता डा'वाइन जॉय रैंडोल्फ और ऑस्कर नामांकित अभिनेता जेफरी राइट और कोलमैन डोमिंगो, ताराजी पी हेंसन, इलियट पेज, माइकल जे. फॉक्स, सोफिया कोपोला, हयाओ मियाजाक, भारतीय खिलाड़ी साक्षी मलिक भी शामिल हैं।

# पीएम मोदी और अमित शाह 20 से करेंगे कर्नाटक का ताबड़तोड़ दौरा

**बेंगलुरु।**

भाजपा चुनाव प्रबंधन समिति के राज्य समन्वयक और राज्य महासचिव वी सुनील कुमार ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बेंगलुरु और चिक्काबल्लापुरा में एक जनसभा को संबोधित करने के लिए 20 अप्रैल को कर्नाटक में होंगे।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 23 और 24 अप्रैल को कर्नाटक में रहेंगे, जहां वह कई चुनाव अभियानों में हिस्सा लेंगे। सुलीन कुमार ने कहा कि शाह 23 अप्रैल को बेंगलुरु के विभिन्न हिस्सों में रोड़ शो करेंगे और अगले दिन वह चिक्कमगलुरु, तुमकुरु और हुबली में जनसभाओं को संबोधित करेंगे। 23 अप्रैल को यशवंतपुर में एक रोड शो होगा। इसके बाद येलहंका में एक जनसभा होगी। इसके अतिरिक्त अन्य चुनावी कार्यक्रम भी तय किए गए हैं। इसी



तरह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 24 अप्रैल को कर्नाटक में होंगे। वह सुबह राजराजेश्वरी नगर विधानसभा क्षेत्र में रोड शो करेंगे। दोपहर में मदिकेरी में एक जनसभा करेंगे और शाम को उडुपी के मालपे में एक जनसभा करेंगे।

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 24 अप्रैल को कर्नाटक में

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा 21 अप्रैल को राज्य की यात्रा करेंगे और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 24 अप्रैल को कर्नाटक में होंगे। दोपहर में मदिकेरी में एक जनसभा करेंगे और शाम को उडुपी के मालपे में एक जनसभा करेंगे।

## यूक्रेन के चेर्निहाइव शहर में रूसी मिसाइल अटैक, 14 लोग मारे गए

**नई दिल्ली।**

रूस नागरिकों और नागरिक बुनियादी ढांचे के खिलाफ आतंकवादी गतिविधियों में शामिल होना जारी रखता है, जैसा कि चेर्निहाइव पर इस हमले से एक बार फिर पुष्टि हुई है। चेर्निहाइव यूक्रेन की राजधानी कीव से 150 किमी उत्तर में स्थित है।

यूक्रेन के आंतरिक मंत्री इहोर क्लिमेंको ने कहा कि मिसाइल हमले में एक अस्पताल, एक शिक्षा सुविधा और दर्जनों निजी कारें भी क्षतिग्रस्त हो गईं। कम से कम तीन



रूसी मिसाइल हमलों ने बुधवार को उत्तरी यूक्रेनी शहर चेर्निहाइव में आठ मंजिला अपार्टमेंट इमारत पर हमला किया, जिसमें कम से कम 14 लोग मारे गए और 61 अन्य घायल हो गए। नवीनतम बमबारी दो साल से अधिक लंबे युद्ध में एक महत्वपूर्ण समय पर हुई है।

# फिर रेलवे ट्रैक पर डटे किसान, 81 ट्रेनों का संचालन प्रभावित, 18 हुईं रद्द

**अंबाला (हरियाणा)**

आठ ट्रेनों को बीच रास्ते में रद्द करना पड़ा, नौ को बीच से ही वापस किया गया। 46 ट्रेनों को बदले मार्ग से गंतव्य की ओर रवाना किया गया। इस वजह से यात्री परेशान रहे। अंबाला-लुधियाना रेल खंड के शंभू रेलवे स्टेशन पर किसानों ने धरना शुरू किया था।

शंभू बार्डर पर धरना दे रहे किसानों ने बुधवार को अंबाला-लुधियाना रेल मार्ग बाधित कर दिया। लगभग दो हजार किसान 12 बजे के करीब शंभू रेलवे स्टेशन पर पहुंच गए। ऐसे में अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन से गुजरने वाली 81 ट्रेनों का आवागमन प्रभावित हुआ। इस दौरान सुरक्षा कारणों से 18 ट्रेनें पूर्णरूप से रद्द कर दी गईं, जबकि आठ ट्रेनों को बीच रास्ते में रद्द करना पड़ा। वहीं नौ ट्रेनों को बीच रास्ते में रोककर वापस लौटाया गया। इसके अलावा 46 ट्रेनों को बदले मार्ग से गंतव्य की ओर रवाना किया गया। ट्रेनों का संचालन प्रभावित होने से रेलयात्रियों को विभिन्न मुश्किलों का सामना करना पड़ा।

पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत शंभू बार्डर पर बुधवार की सुबह से ही किसानों का तांता लगा रहा। प्रदेश के विभिन्न जिलों से परिवार समेत किसान यहां जमा हुए। इसके बाद दोपहर करीब 12 बजे किसानों ने अंबाला-लुधियाना रेल मार्ग बाधित कर दिया।




## रामनवमी शोभायात्रा के दौरान हिंसा , छत से उपद्रवियों ने किया पथराव; 20 लोग घायल

**कोलकाता।** बंगाल में रामनवमी पर फिर हिंसा की घटना हुई है। मुर्शिदाबाद जिले के शक्तिपुर में बुधवार शाम रामनवमी शोभायात्रा पर बम फेंके गए। इस घटना में 20 से अधिक लोग जख्मी हो गए, जिनमें एक महिला व दो बच्चे भी शामिल हैं। घायलों को मुर्शिदाबाद मेडिकल कॉलेज व हॉस्पिटल और एक अन्य अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इलाके में तनाव है। तनाव को देखते हुए प्रशासन ने भारी संख्या में केंद्रीय बल तैनात कर दिए हैं। इस मामले में अभी तक पुलिस का आधिकारिक बयान नहीं आया है। इस दौरान आसपास के कई घरों व दुकानों में आगजनी, लूटपाट भी की गई। गौरतलब है कि पिछले वर्ष भी बंगाल में रामनवमी पर हिंसा की घटनाएं घटी थीं। उत्तर दिनाजपुर के दालखोला, हावड़ा के शिवपुर तथा हुगली के रिसड़ा व श्रीरामपुर में रामनवमी की शोभायात्राओं पर हमला हुआ था। इन घटनाओं में अनेक लोग जख्मी हुए थे। एनआईए इन घटनाओं की जांच कर रही है। रामनवमी शोभायात्रा के दौरान शक्तिपुर के अलावा जिले के माणिक्यहार इलाके में भी हमला किया गया। उपद्रवियों ने माणिक्यहार इलाके में कई घरों व दुकानों में आगजनी, लूटपाट भी की। शक्तिपुर में घर की छत से उपद्रवियों ने शोभायात्रा पर पथराव शुरू कर दिया। शोभायात्रा को निशाना बनाकर बम भी फेंके गए। पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे।

## लोकसभा चुनाव से ठीक पहले

# पीएम मोदी ने बीजेपी-एनडीए उम्मीदवारों को लिखी चिट्ठी

**नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को लोकसभा चुनाव के पहले चरण में चुनाव लड़ रहे सभी भाजपा नीत राजग गठबंधन के सभी उम्मीदवारों को व्यक्तिगत पत्र लिखकर उनसे अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों में मतदाताओं तक अपना संदेश पहुंचाने के लिए कहा। मोदी ने अपने संदेश में कहा कि यह चुनाव देश के वर्तमान को उज्वल भविष्य से जोड़ने का अवसर है। भाजपा सूत्रों ने मोदी द्वारा भेजे गए दो पत्रों को साझा किया। इनमें एक कोयंबटूर के उम्मीदवार और भाजपा की तमिलनाडु इकाई के प्रदेशाध्यक्ष के अन्नामलाई को अंग्रेजी में लिखा गया है जबकि दूसरा हिंदी में भाजपा के मुख्य प्रवक्ता अनिल बलूनी को लिखा गया है। बलूनी उत्तराखंड के पौरी गढ़वाल से चुनाव लड़ रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री का क्षेत्रीय भाषाओं में संदेश पहुंचाने पर भी फोकस है। मोदी ने पत्र में कहा, स्मैं आपके लोकसभा मतदाताओं व कार्यकर्ताओं से कहना चाहता हूं कि यह साधारण चुनाव नहीं है। यह चुनाव हमारे वर्तमान और उज्ज्वल भविष्य के निर्माण का एक सुनहरा



● मतदाताओं तक पहुंचाने के लिए दिया संदेश

**2047**

**तक भारत को विकसित बनाने के प्रयासों को गति देने वाला होगा।**

अवसर है। यह चुनाव 50-60 सालों में कांग्रेस के शासनकाल में हमारे परिवार और बुजुर्गों ने जो कष्ट सहे हैं, उनसे मुक्ति पाने का अहम क्षण है। पिछले दस सालों में समाज के हर वर्ग के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाते हुए देशवासियों की कठिनाइयों को दूर किया गया है। इस बार हमें मिलना वाला आपका हर वोट एक मजबूत सरकार बनाने और 2047 तक भारत को विकसित बनाने के प्रयासों को गति देने वाला होगा। मोदी ने पत्र में कहा है कि चुनाव के पहले के अंतिम घंटे बेहद अहम होते हैं। इसलिए मेरा आपके माध्यम से सभी कार्यकर्ताओं से अनुरोध है कि वे अपने स्वास्थ्य का पूरा ध्यान रखें। सभी मतदाताओं से अनुरोध है कि वह गर्मी और दूसरी असुविधाओं को बर्दाश्त करते हुए राष्ट्र निर्माण का यह मौका गंवाएं नहीं। संभव हो तो सुबह ही मतदान करे। पीएम ने कहा है कि सभी मतदाताओं को आप मेरी तरफ से गारंटी देना कि मोदी का पल-पल देशवासियों के नाम है।

# इन राज्यों में चल रहा नक्सलियों के खात्मे का अभियान, तीन महीने में 80 नक्सली ढेर

**नई दिल्ली।**

तीन वर्ष के भीतर नक्सलियों को पूरी तरह से समाप्त करने के गृह मंत्री अमित शाह के रोडमैप का असर तीन महीने में दिखने लगा है। शाह ने 21 जनवरी को रोडमैप को अंतिम रूप देते हुए साफ कर दिया था कि नक्सली अब एक हारी हुई लड़ाई लड़ रहे हैं और इनसे देश को पूरी तरह निजात दिलाने का समय आ गया है। नक्सल ऑपरेशन में शामिल और बस्तर में तैनात सुरक्षा बल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि सुरक्षा बलों को पहली बार ऑपरेशन की रणनीति बनाने और उन्हें क्रियान्वित करने की खुली छूट मिली है। यही नहीं केंद्र से लेकर जिला स्तर तक सुरक्षा एजेंसियों के बीच इस तरह से समन्वय कभी नहीं देखा गया था। नक्सली इलाकों में सुरक्षा गैप को खत्म करना शाह के रोडमैप का अहम हिस्सा है। शाह ने कहा कि सिर्फ 2019 के बाद नक्सली इलाकों में 250 से अधिक सुरक्षा कैंप बनाए जा चुके हैं। इससे सुरक्षा गैप काफी कम हो गया है। छत्तीसगढ़ में नई सरकार बनने के बाद राज्य पुलिस का जितना सहयोग मिलना चाहिए, उससे ज्यादा मिल रहा है। इसके परिणामस्वरूप एक तरफ 80 से ज्यादा नक्सली मारे गए, तो दूसरी तरफ 125 से अधिक नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया। 150 से अधिक नक्सलियों ने आत्मसमर्पण भी किया है।



## माकपा के परमाणु हथियार नष्ट करने के वादे पर भड़के राजनाथ सिंह

# 'देश की सुरक्षा को कमजोर करने की साजिश'



**कासरगोड।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को माकपा के चुनावी घोषणा पत्र पर निशाना साधा, जिसमें माकपा ने कहा है कि अगर सत्ता में आये तो देश के परमाणु हथियारों को नष्ट कर देंगे। मैं कांग्रेस पार्टी से पूछता चाहता हूं कि माकपा के इस वादे पर आप क्या करेंगे। राजनाथ सिंह ने केरल के कासरगोड में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज भारत के दोनों पड़ोसियों के पास परमाणु हथियार हैं। ऐसी स्थिति में भारत के परमाणु हथियारों को नष्ट करने की बात करना, देश की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने से कम नहीं है। यह देश की सुरक्षा को कमजोर करने की साजिश है। माकपा यानि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) विपक्षी आईएनडीआईए ब्लॉक का हिस्सा है और माकपा ने गुरुवार को पार्टी के घोषणापत्र में परमाणु हथियारों को नष्ट करने का वादा किया है। राजनाथ सिंह ने कहा कि एलडीएफ और यूडीएफ केंद्र में संयुक्त 'मनी हाइस्ट' की योजना बना रहे हैं। भाजपा ऐसा नहीं होने देगी, क्योंकि भारत की जनता ने तय कर लिया है- 'अबकी बार 400 पार'।

### *वामदलों पर बरसे राजनाथ*

*राजनाथ सिंह ने कहा कि एक बार जब जनता ने त्रिपुरा और बंगाल से वामदलों को किक आउट कर दिया तो फिर सत्ता में उनके लिए नो एंट्री हो गई है। चाहे कांग्रेस हो या लेफ्ट पार्टी जब भी यह जनता के सामने अच्छी तरह एक्सपोज हो जाते हैं, तो इनका गेम ओवर हो जाता है। यही कारण है कि जिस भी राज्य से इनको किक आउट कर दिया जाता है, वहां के दरवाजे इनके लिए हमेशा बंद हो जाते हैं।*

## संपादक की कलम से

### संवेदनहीनता के अस्पताल

आये दिन छोटे-बड़े शहरों के सरकारी अस्पतालों में ऐसे किस्से उजागर होते हैं, जो चिकित्सा-तंत्र की संवेदनहीनता को दशार्ते हैं। लेकिन लुधियाना के सिविल अस्पताल में एक मरीज के साथ एक ही बैड में शव रखना वाकई परेशान करने वाली घटना है। हालांकि, पहले कहा गया कि अज्ञात मरीज का शव एक अन्य मरीज के बिस्तर पर दो घंटे से अधिक समय तक रहा, बाद में विभागीय जांच में अवधि को 37 मिनट बताया गया। बहरहाल, घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। मामले में प्रशासनिक जांच के आदेश दिये गए हैं, लापरवाही की जवाबदेही तय करके कार्रवाई की बात कही जा रही है। निश्चित रूप से घटना परेशान करती है। निस्संदेह, उस मरीज की मन:स्थिति को समझा जा सकता है जो शव के साथ लेटा रहा होगा। यह घटना हमारे सरकारी अस्पतालों की बदहाली को बताती है, जिसके चलते कि एक बैड पर दो-दो मरीजों को लिटाया जाता है। ऐसे में रोगियों को अन्य संक्रमण होने की भी प्रबल संभावना बनी रहती है। विडंबना ये है कि इन अस्पतालों में वे ही मरीज आते हैं, जो मजबूरी के मारे होते हैं। वे प्राइवेट अस्पतालों में इलाज कराने में सक्षम नहीं होते। बताया जाता है कि मरने वाले मरीज को नौ अप्रैल को लुधियाना के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उसकी जांघ की हड्डी टूटी थी। इस अज्ञात मरीज के साथ कोई तीमारदार भी नहीं था। लगता है कि उसे समय रहते पर्याप्त उपचार नहीं मिल पाया। बताया जाता है कि बारह अप्रैल को किसी डॉक्टर ने मरीज की फाइल में नोट लिखा कि मरीज बिस्तर पर नहीं पाया गया, जबकि मरीज चलने-फिरने में सक्षम नहीं था। उसकी फाइल में कुछ और नोट्स भी हैं लेकिन लिखने वाले डॉक्टर का नाम उसमें नहीं था। चौदह अप्रैल को मरीज को दूसरे अस्पताल में रैफर किया गया, लेकिन रैफर करने वाले डॉक्टर का उसमें उल्लेख नहीं है। कालांतर 15 अप्रैल को मरीज की सुबह ग्यारह चालीस पर मौत होना बताया गया है। शव को सवा बारह बजे के बाद मोर्चरी में शिफ्ट किया जाना बताया गया। मामले के तूल पकड़ने के बाद लुधियाना के डिप्टी कमिश्नर ने मामले की जांच शुरू की है। बहरहाल, मामले की हकीकत जांच के बाद ही सामने आ पाएगी। लेकिन घटना ने एक बार फिर सिविल अस्पतालों में प्रबंधन की खामियों को उजागर ही किया है। बताते हैं कि नौ अप्रैल को भर्ती अज्ञात मरीज को ग्यारह अप्रैल तक उपचार नहीं मिला। कहना कठिन है कि उस मरीज के साथ क्या हादसा हुआ जिससे उसकी जांघ की हड्डी टूटी। क्या वो कोई राहगीर था जो किसी वाहन से हुई दुर्घटना का शिकार हुआ? यदि वह स्थानीय था तो उसके तीमारदार क्यों नहीं आए? क्या वह किसी आपराधिक साजिश का शिकार हुआ? बहरहाल, एक बात तो तय है कि दुर्भाग्य का मारा अज्ञात मरीज सिविल अस्पताल में कोताही का शिकार हो गया। बहुत संभव है कि समय रहते उसे उपचार मिलता तो शायद उसकी जान बच जाती।



ललित शर्मा
संपादक

# राजनीति में भी चमके मीडिया के सितारे



इन दिनों देश में लोकतंत्र का महापर्व चल रहा है। जाहिर है राजनीति का आकर्षण प्रबल है। सिने कलाकार, साहित्यकार, वकील, न्यायाधीश, खिलाड़ी, गायक, उद्योगपति सब क्षेत्रों के लोग राजनीति में हाथ आजमाना चाहते हैं। ऐसा ही हाल पत्रकारिता के सितारों का भी है। मीडिया और पत्रकारिता के अनेक चमकीले नाम राजनीति के मैदान में उतरे और सफल रहे।

आजादी के आंदोलन में तो मीडिया को एक तंत्र की तरह इस्तेमाल करने के लिए प्रायः सभी वरिष्ठ राजनेता पत्रकारिता से जुड़े और उजली परंपराएं खड़ी कीं। बालगंगाधर तिलक, महात्मा गांधी से लेकर सुभाष चन्द्र बोस, महामना मदनमोहन मालवीय, पंडित नेहरू सभी पत्रकार रहे। आजादी के बाद बदलते दौर में पत्रकारिता और राजनीति की राहें अलग-अलग हो गईं, लेकिन सत्ता का आकर्षण बढ़ गया। जनपक्ष, राष्ट्र सेवा की पत्रकारिता अब आजाद भारत में राष्ट्र निर्माण का भाव भरने में लगी थी। सेवा राजनीति के माध्यम से भी की जा सकती है, यह भाव भी प्रबल हुआ।

## मूल्यों पर 'अटल' रहने वाले 'वाजपेयी'

राजनीतिक दलों से संबंधित समाचार पत्रों, पत्रिकाओं के अलावा मुख्यधारा की पत्रकारिता से भी लोग राजनीति में आए, जिसमें सबसे खास नाम श्री अटल बिहारी वाजपेयी का है, जो 'वीर अर्जुन' जैसे दैनिक अखबार के संपादक रहे। इसके साथ ही वे 'स्वदेश', 'पांचजन्य' और 'राष्ट्रधर्म' के भी संपादक रह चुके थे। वह जहां संसदीय राजनीति के लंबे अनुभव के साथ प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री भी रहे, तो वहीं भाजपा के वह संस्थापक अध्यक्ष भी रहे। उप प्रधानमंत्री रहे लालकृष्ण आडवाणी भी 'हिंदुस्तान समाचार' और 'ऑर्गनाइजर' से जुड़े रहे, फिर राजनीति में आए।

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री रहे द्वारिका प्रसाद मिश्र दैनिक 'लोकमत', साप्ताहिक 'सारथी' और 'श्री शारदा' के संपादक के रूप में ख्याति प्राप्त हुए। विंध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे शंभूनाथ शुक्ल बाद में बने मध्यप्रदेश में मंत्री और सांसद रहे। 'विशाल भारत' के संपादक रहे बनारसी दास चतुर्वेदी दो बार राज्यसभा के सदस्य रहे। गणेश शंकर विद्यार्थी के शिष्य रहे बालकृष्ण शर्मा नवीन 'प्रताप' के संपादक रहे और कांग्रेस से राज्यसभा पहुंचे। महाराष्ट्र का दर्डा परिवार राजनीति में अग्रणी रहा। 'लोकमत' समाचार के संस्थापक जवाहरलाल दर्डा, राजेन्द्र दर्डा और विजय दर्डा सांसद, विधायक और मंत्री रहे। 'विजया कर्नाटक' और 'कन्नड़ प्रभा' अखबार से जुड़े रहे प्रताप सिम्हा भाजपा से दो बार लोकसभा पहुंचे। उनका नाम चर्चा में तब आया, जब उनके द्वारा अनुमोदित विजिटर पास से दो युवकों ने नई संसद में पहुंच कर हंगामा किया।

## मध्यप्रदेश से छत्तीसगढ़ तक सितारों की जगमगाहट

मूलतः पत्रकारिता से सार्वजनिक जीवन में आने वाले मोतीलाल वोरा मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री और लंबे समय तक कांग्रेस के कोषाध्यक्ष रहे। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री रहे श्यामाचरण शुक्ल ने रायपुर से 'दैनिक महाकौशल' अखबार निकाला। भाजपा के मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ दोनों राज्यों के अध्यक्ष रहे लखीराम अग्रवाल ने बिलासपुर से 'लोकस्वर' अखबार निकाला। बिलासपुर के पत्रकार बीआर यादव मध्यप्रदेश सरकार में मंत्री और चार बार विधायक रहे। बिलासपुर के ही रहने वाले कवि, पत्रकार श्रीकांत वर्मा कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और राज्यसभा के सदस्य रहे। वे 'दिनमान' के संपादक मंडल में रहने के बाद राजनीति में आए। छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले के रहने वाले चंदूलाल चंद्राकर दैनिक 'हिन्दुस्तान' के संपादक रहे। बाद में कांग्रेस ने उन्हें राज्यसभा में भेजा। राजनांदगांव के पत्रकार लीलाराम भोजवानी छत्तीसगढ़ सरकार में श्रम मंत्री रहे। 'देशबन्धु' में पत्रकारिता का पाठ पढ़ने वाले चंद्रशेखर साहू छत्तीसगढ़ से सांसद, मंत्री और विधायक रहे। मध्यप्रदेश में सीहोर के पत्रकार शंकर लाल साहू विधायक रहे। त्रिभुवन यादव पिपरिया से विधायक चुने गए। कांग्रेस सरकार में मंत्री रहे और दो बार विधायक चुने गए विष्णु राजोरिया मूलतः पत्रकार ही हैं, बाद में उन्होंने 'शिखर वार्ता' पत्रिका भी निकाली। मप्र में ही केएन प्रधान सांसद, विधायक और मंत्री भी रहे। नागपुर के अंग्रेजी अखबार 'हितवाद' के प्रकाशन करने वाले बनवारी लाल पुरोहित कांग्रेस और भाजपा दोनों से लोकसभा पहुंचे। संप्रति वे पंजाब के राज्यपाल हैं।

## भाजपा हो या कांग्रेस, सबने दिये मौके


कांग्रेस ने राजीव शुक्ला, प्रफुल्ल कुमार माहेश्वरी, कुमार केतकर, विजय दर्डा आदि को राज्यसभा से नवाजा। राजीव शुक्ला मनमोहन सरकार में केंद्रीय मंत्री भी रहे। वरिष्ठ पत्रकार संजय निरुपम लोकसभा पहुंचे और मुंबई कांग्रेस के अध्यक्ष भी रहे। 'सामना' के संपादक संजय राऊत अपने धारदार बयानों के लिए लोकप्रिय हैं, वे भी राज्यसभा सदस्य हैं। जनता दल (यू) ने प्रभात खबर के संपादक रहे हरिवंश को दो बार राज्यसभा भेजा, वह इन दिनों राज्यसभा के उपसभापति भी हैं। 'ऑर्गनाइजर' के संपादक रहे श्री के.आर.मलकानी बाद में राज्यसभा पहुंचे। भारतीय जनता पार्टी ने चंदन मित्रा, दीनानाथ मिश्र, बलबीर पुंज, राजनाथ सिंह सूर्य, नरेन्द्र मोहन, प्रभात झा, तरुण विजय, स्वप्नदास गुप्ता को राज्यसभा भेजा। इनमें मित्रा बाद में तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गए, जबकि पुंज और झा पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी रहे। प्रभात झा मध्यप्रदेश भाजपा के चर्चित अध्यक्ष भी रहे। भाजपा और कांग्रेस दोनों दलों में रह चुके वरिष्ठ पत्रकार एमजे अकबर किशनगंज से कांग्रेस से लोकसभा पहुंचे। बाद में भाजपा ने उन्हें राज्यसभा भेजा और विदेश राज्य मंत्री बनाया।

## भाषाई पत्रकारों को भी मिले अवसर

तृणमूल कांग्रेस ने हाल में ही अंग्रेजी की पत्रकार सागरिका घोष को राज्यसभा भेजा है। इसके पूर्व उर्दू पत्रकारिता से जुड़े रहे नदीमुल हक भी राज्यसभा में पहुंचे। हिंदी अखबार 'सन्मार्ग' के मालिक विवेक गुप्ता तृणमूल से सांसद भी रहे, अब विधानसभा में हैं। कुणाल घोष भी इसी दल से राज्यसभा पहुंचे। हिमाचल प्रदेश के उप मुख्यमंत्री मुकेश कौशिक भी मूलतः पत्रकार हैं। वह दिल्ली और शिमला में पत्रकारिता की लंबी पारी के बाद राजनीति में आए। हरियाणा के अंबाला लोकसभा क्षेत्र से 2014 में भाजपा सांसद चुने गए अश्विनी कुमार अब इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन 'पंजाब केसरी' के माध्यम से की गई उनकी धारदार पत्रकारिता लोगों के जेहन में है। 'इकोनॉमिक टाइम्स' में रहे देवेश कुमार बिहार में भाजपा से विधान परिषद में है और प्रदेश महामंत्री भी हैं। हरियाणा सरकार में वित्त मंत्री रहे कैप्टन अभिमन्यु भी दैनिक 'हरिभूमि' के संपादक, प्रकाशक रहे हैं। उर्दू के पत्रकार शाहिद सिद्दीकी (नई दुनिया) सपा से, तो मीम अफजल (अखबार-ए-नौ) कांग्रेस से राज्यसभा पहुंचे। आंध्र प्रदेश से 'वार्ता' के संपादक गिरीश सांघी कांग्रेस से राज्यसभा हो आए। पत्रकारिता से जुड़े रहे तेलंगाना के के. केशवराव कांग्रेस और टीआरएस दोनों दलों से राज्यसभा जा चुके हैं। कोलकाता के पत्रकार अहमद सईद मलीहाबादी भी राज्यसभा पहुंचे। जनता दल यूनाइटेड से एजाज अली भी राज्यसभा (2008 से 2010) में रहे। कुछ राजनीति की देहरी से भी लौट आए, जैसे वरिष्ठ पत्रकार उदयन शर्मा (कांग्रेस) और सीमा मुस्तफा जनता दल के टिकट पर लोकसभा नहीं पहुंच सके।

राजनीति के मंच पर ऐसे अनेक सितारे चमके और अपनी जगह बनाई। तमाम ऐसे भी थे, जो पार्टी के प्रवक्ता या बौद्धिक कामों से जुड़े रहे। तमाम अज्ञात ही रह गये। राजनीति वैसे भी एक कठिन खेल है, संभावनाओं से भरा भी। किंतु सबको इसका फल मिले यह जरूरी नहीं। बावजूद इसके इसका आकर्षण कम नहीं हो रहा। वरिष्ठ पत्रकार प्रभाष जोशी कहते थे, ₹पत्रकार की पोलिटिकल लाइन तो ठीक है, पर पार्टी लाइन नहीं होनी चाहिए।₹ किंतु यह लक्ष्मण रेखा भी टूट रही है। क्यों इस पर सोचिए जरूर। - **प्रो. संजय द्विवेदी**

## नाचीज बीकानेरी



### जनता मत देने को जागो

कविता

जागो जनता मत देने को जागो ।
अपने मत से जमीर को जगाओ ।।

लोकतंत्र में वोट का अधिकार है ।
देश हित में करना अब विचार है ।।

वोट की कीमत क्यों नहीं जानो ।
अशिक्षा गरीबी को तुम पहचानो ।।

सोच समझ कर अपना देना वोट ।
पहचानो किनके दिल में है खोट ।।

लोग लुभावने वादों में नहीं आना ।
सोच समझ निर्भीक हो वोट देना ।।

जन - जन के हित को याद रखना ।
आत्मा की आवाज से वोट डालना ।।

जागो जनता सुराज के लिए जागो ।
जाति - धर्म की भावना को त्यागो ।।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

## विश्व विरासत दिवस- 18 अप्रैल, 2024

# भारत की बेमिसाल विरासत से दुनिया स्तंभित



ललित गर्ग
वेलकम इंडिया






मानव सभ्यता के इतिहास और विरासत को एक साथ सम्मान देने के लिए हर साल 18 अप्रैल को विश्व विरासत दिवस मनाया जाता है। यह दिन दुनिया भर की विभिन्न संस्कृतियों को प्रोत्साहित करने, सांस्कृतिक, धार्मिक, ऐतिहासिक स्मारकों और स्थलों के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। दुनिया भर के लोग त्योहारों, परंपराओं और स्मारकों के माध्यम से अपनी संस्कृति और विरासत का जश्न मनाते हैं। इस दिवस को मनाते हुए यूनेस्को असाधारण मूल्य के सांस्कृतिक, धार्मिक, ऐतिहासिक और प्राकृतिक स्थलों की सुरक्षा में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के विकास के साथ जुड़े एक समृद्ध इतिहास को बढ़ावा देता है। पहला विश्व धरोहर दिवस ट्यूनीशिया में मनाया गया था। विश्व धरोहर दिवस की शुरूआत 1982 में इंटरनेशनल काउंसिल ऑन मॉन्यूमेंट्स एंड साइट्स (आईसीओएमओएस) ने की थी। इसके बाद 1983 में इसे ह्यूनेस्कोह्व की मंजूरी मिली। 1983 के बाद से हर साल अलग-अलग थीम के साथ विश्व धरोहर दिवस दुनियाभर में मनाया जाता है। 2024 की आधिकारिक थीम ह्लहमारे वैश्विक विरासत की रक्षा करनाह्व है। यूनेस्को किसी स्मारक या स्थल को धरोहर घोषित करता है तो उसके बाद उस जगह का नाम विश्व में काफी मशहूर हो जाता है। जिससे वहां विदेशी पर्यटकों का आवागमन भी काफी बढ़ जाता है, जिसका लाभ सीधा देश की अर्थव्यवस्था एवं वहां के पर्यटन व्यवसाय को मिलता है। विश्व धरोहर घोषित होने के बाद उस जगह का खास ध्यान रखा जाता है और उसकी सुरक्षा भी बढ़ा दी जाती है। यदि ये स्मारक ऐसे देश में है, जिसकी आर्थिक स्थिति सही नहीं है, तो यूनेस्को ही स्मारक की देखभाल और सुरक्षा की जिम्मेदारी उठाता है।

अंतरराष्ट्रीय स्मारक एवं स्थल परिषद और विश्व संरक्षण संघ ये दो संगठन है, जो इस बात का आकलन करते हैं कि स्थल विश्व धरोहर बनने लायक है या नहीं। साल में एक बार इस विषय के लिए समिति की बैठक होती है और फिर उन जगहों का चयन करती है, उसके बाद दोनों संगठन इसकी सिफारिश विश्व धरोहर समिति से करते हैं। फिर ये फैसला लिया जाता है कि उस जगह को विश्व धरोहर बनाना है या नहीं। विश्व विरासत दिवस की इसलिए अपने आप में एक वैश्विक महत्ता है, क्योंकि इसके जरिए दुनिया में सांस्कृतिक समझ को बढ़ावा देने में सहूलियत मिल रही है। विश्व की विरासतें मानव को सतत रूप से प्रेरित करती हैं। सिर्फ किसी समाज की विरासत उसी समाज को प्रेरित नहीं करती बल्कि विश्व के दूसरे समाजों को भी विरासत अच्छी तरह से प्रेरित करती है। विरासत दिवस के चलते पर्यावरण और जागरूकता को बढ़ावा मिलता है। विरासतें विभिन्न समुदायों के बीच रिश्तों को आत्मीय और सम्मानजनक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और मानवीय उपलब्धियों का जश्न मनाने के लिए महत्वपूर्ण आधार होती हैं। यही वजह है कि विश्व विरासत को दुनियाभर के मानव समाज के लिए महत्वपूर्ण माना गया है।

विश्व विरासत दिवस सिर्फ हमारे जीवन में खुशियों के पलों को लाने में ही मदद नहीं करता बल्कि यह देश के सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनैतिक और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका का माध्यम भी है। यह पर्यटन को प्रोत्साहन देने का सशक्त माध्यम है। भारत की अर्थव्यवस्था पर्यटन-उद्योग के इर्द-गिर्द घूमती रही है। राजस्थान भारत का एक राज्य है जो विश्व विरासत का समृद्ध केन्द्र है, यह पर्यटन के लिए सबसे समृद्ध राज्य माना जाता है। राजस्थान की पुरातात्विक विरासत या सांस्कृतिक धरोहर केवल दार्शनिक, धार्मिक, सांस्कृतिक स्थल के लिए नहीं है बल्कि यह राजस्व प्राप्ति का भी स्रोत है। यूं तो भारत के सभी राज्यों में समृद्ध विरासत देखने को मिलती है। पर्यटन क्षेत्रों से कई लोगों की रोजी-रोटी भी जुड़ी है। प्राकृतिक सुंदरता और महान इतिहास से संपन्न राजस्थान में पर्यटन उद्योग समृद्धिशाली है। राजस्थान देशीय और अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों, दोनों के लिए एक सर्वाधिक आकर्षक पर्यटन स्थल है। भारत की सैर करने वाला हर तीसरा विदेशी सैलानी राजस्थान देखने जरूर आता है। जयपुर के महल, उदयपुर की झीलें और जोधपुर, बीकानेर तथा जैसलमेर के भव्य दुर्ग भारतीय और विदेशी सैलानियों के लिए सबसे पसंदीदा जगहों में से एक हैं। इन प्रसिद्ध विरासत स्थलों को देखने के लिए यहाँ हजारों पर्यटक आते हैं। जयपुर का हवामहल, जोधपुर, बीकानेर और जैसलमेर के धोरे काफी प्रसिद्ध हैं। जोधपुर का मेहरानगढ़ दुर्ग, सवाई माधोपुर का रणथम्भोर दुर्ग एवं चित्तौड़गढ़ दुर्ग काफी प्रसिद्ध है। यहाँ शेखावटी की कई पुरानी हवेलियाँ भी हैं जो वर्तमान में हैरीटेज होटलें बन चुकी हैं।

पर्यटन ने यहाँ आतिथ्य क्षेत्र में भी रोजगार को बढ़ावा दिया है। यहाँ की मुख्य मिठाई ह्यघेवरह्व है। राजस्थान असंख्य पर्यटन अनुभवों, व्यंजनों और मोहक स्थलों का प्रांत है। चाहे भव्य स्मारक हों, प्राचीन मंदिर या मकबरे हों, नदी-झरने, प्राकृतिक मनोरम स्थल हो, इसके चमकीले रंगों और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रौद्योगिकी से चलने वाले इसके वर्तमान से अटूट संबंध है। यहां सभी प्रकार के पर्यटकों को चाहे वे साहसिक यात्रा पर हों, सांस्कृतिक यात्रा पर या वह तीर्थयात्रा करने आए हों, सबके लिए खूबसूरत जगहें हैं। यह राजस्थान पल-पल परिवर्तित, नितनूतन, बहुआयामी और इन्द्रजाल की हद तक चमत्कारी यथार्थ से परिपूर्ण समृद्ध विरासत का खजाना है। इस राजस्थान की समग्र विविधताओं, नित नवीनताओं और अंतर्विरोधों से साक्षात्कार करना सचमुच अलौकिक एवं विलक्षण अनुभव है। देश-दुनिया में हमारे पूर्वजों ने विभिन्न शिल्प-कलाओं में जो शानदार कृतियां (स्मारक, ग्रंथ, मंदिर, किले, महल या मकबरे आदि के रूप में) उकेरीं, वो आज हम सभी के सामने महान सांस्कृतिक धरोहरों के रूप में मौजूद हैं। ये हमारे गौरवशाली अतीत की याद दिलाते हैं, साथ ही आर्थिक लाभ का जरिया भी बनते हैं। भारतीय संस्कृति में हरे-भरे पेड़, पवित्र नदियां, पहाड़, झरनों, पशु-पक्षियों की रक्षा करने का संदेश हमें विरासत में मिला है। ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक दृष्टि से केवल स्मारक एवं स्थल हीं नहीं, प्रभु श्रीराम जैसे महानायकों का जीवन भी दुनिया के लिये प्रेरणास्रोत रहा है। स्वयं भगवान श्रीराम व माता सीता 14 वर्षों तक वन में रहकर प्रकृति को प्रदूषण से बचाने का संदेश दिया। ऋषि-मुनियों के हवन-यज्ञ के जरिए निकलने वाले ऑक्सीजन को अवरोध पहुंचाने वाले दैत्यों का वध करके प्रकृति की रक्षा की। जब श्रीराम ने हमें प्रकृति के साथ जुड़कर रहने का संदेश दिया है तो हम वर्तमान में क्यों प्रकृति के साथ खिलवाड़ करने में लगे हैं।



# अग्निशमन सेवा सुरक्षा सप्ताह अंतर्गत जन जागरूकता कार्यक्रम हुआ आयोजित

**वेलकम इंडिया**



**अमेठी।** अग्निशमन सेवा सुरक्षा सप्ताह एवं ग्रीष्मकालीन मौसम को ध्यान में रखते हुए फायर स्टेशन अमेठी द्वारा आज अग्नि सुरक्षा जन-जागरूकता/प्रशिक्षण आग से अमेठी को सुरक्षित रखने हेतु आमजनमानस को जागरूक करने हेतु जन-जागरूकता अभियान/प्रशिक्षण का आयोजन शिवदरस प्रसाद अग्निशमन अधिकारी अमेठी द्वारा सेपीएन्स स्कूल, रणंजय इंटर कॉलेज, मदर गीता इंटरनेशनल स्कूल, मनीषी महाविद्यालय में अभियान चलाकर छात्र-छात्राओं व शिक्षकों को जागरुक करते हुए आग लगने के सम्भावित कारकों के बारे में विस्तार से जानकारी देकर आग को काबू करने के उपकरणों व उनके प्रयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इसके साथ ही विभिन्न प्रकार के फायर एक्सटिंग्यूशरों को चलाने के विषय में विस्तृत जानकारी देते हुए उनके रख-रखाव के सम्बन्ध में छात्र छात्राओं को प्रशिक्षण देकर जागरूक किया गया तथा प्रशिक्षुओं को फायर एक्सटिंग्यूशर चलाने, आग बुझाने के अनेक तरीकों सहित गैस रिसाव, गैस सिलेण्डर की आग को सरलता से बुझाने एवं प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण के समय आग से बचाव हेतु विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि बिस्तर में लेटकर सिगरेट-बीड़ी का प्रयोग मत कीजिए। बिना बुझाए हुए बीड़ी-सिगरेट के टुकड़ों को लापरवाही से इधर-उधर मत फेकिए। दियासलाई अबोध बालकों की पहुँच से बाहर रखिये। भोजन बनाने के पश्चात चूल्हे के ईधन को पूर्ण रूप से बुझा दें। भोजन बनाते समय अपने शरीर के कपड़ों का प्रयोग चुल्हे पर चढ़े बर्तनों को उतारने में न करें। अपने ढीले-ढाले आँचल को भोजन बनाते समय बाँध कर रखें और उसे चूल्हे व स्टोव की आग की लपटों से बचाकर रखें। जलते हुए स्टोव व लालटेन में मिट्टी का तेल न भरें। मोमबत्ती, चिराग, अंगीठी का अगर इस्तेमाल करना पड़े तो उसे सुरक्षित स्थान पर करें। बच्च्चों को सुक्षाव दे कि त्योहार के अवसर पर घर के बाहर या सुरक्षित स्थान पर ही पटाखों को सावधानी पूर्वक छुड़ाये। बच्चे यदि छोटे हो तो बड़े उपस्थित रहे। अच्छा होगा यदि एक बाल्टी पानी बचाव के लिए भरकर रख लें। घर में बिजली के कटे-फटे तारों को तुरन्त बदलवा दें या मरम्मत करा लें। सही ढ़ग का फ्यूज लगायें व एक ही प्लग पर कई यंत्र न लगायें।

कार्यालय व घरों के विद्युत स्टोव और आइरन प्रेस का प्रयोग करने के पश्चात प्लग निकाल कर तभी हटें। कुकिंग गैस सिलेण्डर में तनिक भी लीकेज का आभास होते ही पास-पड़ोस की अन्य अंगीठियों व जलती हुई बीड़ी-सिगरेट को तुरन्त बुझा दें। जब तक घर का वायुमण्डल शुद्ध न हो जाये दियासलाई मत जलायें। लीक करने वाले सिलेण्डरों को तुरन्त घर के बाहर खुले स्थान पर निकाल कर रख दें और गैस कम्पनी को सूचित कर साथ ही साथ गैस लीकेज बन्द करने का प्रयत्न करें। रात्रि में सोने से पहले गैस सिलेण्डर का वाल्व बन्द करना न भूलिए।

# दूरस्थ गांव अगरकोट के ग्रामीण अब करेंगे शत- प्रतिशत मतदान



**वेलकम इंडिया**

**गरुड़।** तहसील की गोमती घाटी के दूरस्थ गांव अगरकोट के ग्रामीण अब अपने बूथ पर जाकर शत-प्रतिशत मतदान करेंगे। स्वीप टीम ने गांव में जाकर ग्रामीणों को समझाया। इस पर ग्रामीण मान गए और संकल्प पत्र भरकर शत-प्रतिशत मतदान करने की शपथ ली।

गोमती घाटी के मजकोट ग्राम पंचायत के अगरकोट गांव के ग्रामीण मजकोट-अगरकोट सड़क न बनाए जाने से नाराज थे और ग्रामीणों ने चुनाव बहिष्कार करने की चेतावनी दी थी। बुधवार को स्वीप के सहायक नोडल अधिकारी उमेश जोशी के नेतृत्व में एक टीम गांव पहुंची और ग्रामीणों से वार्ता की।

लोक निर्माण विभाग की सहायक अभियंता दिशा जोशी ने वार्ता के दौरान ग्रामीणों को अवगत कराया कि चुनाव आचार संहिता हटते ही सड़क के संबंध में आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी। नोडल अधिकारी उमेश जोशी ने ग्रामीणों को लोकतंत्र में मतदान का महत्त्व समझाया। इस पर ग्रामीण मान गए और संकल्प पत्र भरकर 19 अप्रैल को शत-प्रतिशत मतदान करने की शपथ ली।

इस दौरान लोनिवि के सुपरवाइजर हरीश गोस्वामी, स्वीप के डीएल वर्मा, सुरेश खोलिया, पुष्कर अल्मिया, मोहन सिंह भरड़ा, बीएलओ रेखा गुसाई, महावीर राम, गंगा राम, पुष्कर राम, नीरज कुमार, मंजू देवी, पूजा देवी समेत दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

# सादगी से मनी देवकी लघु वाटिका के संरक्षक की आठवी पुण्यतिथि

**वेलकम इंडिया**



**बागेश्वर।** देवकी लघु वाटिका के पूर्व संरक्षक स्व. हिम्मत सिंह मलड़ा की आठवीं पुण्यतिथि सादकी पूर्वक मनाई गई।देवकी लघु वाटिका में उनके प्रयासों से पर्यावरण संरक्षण के लिए परिवार औरखुद के प्रयासों से पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान देने, बेटे वृक्ष प्रेमी किशन मलड़ा को पेड़ लगाकर अधिकाधिक वृक्षारोपण करवाने के लिए प्रेरित करने की सीख दी गई थी।

वही आज लाखों पेड़ लगाने और पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए देवकी लघु वाटिका में निर्मित पौधों का रोपण किया जा रहा है।और आमजन को पर्यावरण संरक्षण के1लिए प्रेरित किया जा रहा है।वही वाटिका के संरक्षक स्व. हिम्मत सिंह मलड़ा को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की गई।

इस दौरान वृक्ष पुरुष किशन मलड़ा ने उन्हें याद करते हुए पर्यावरण संरक्षण में उनके द्वारा1 बताए गए मार्ग पर चलते हुए पर्यावरण संरक्षण2में अतुलनीय योगदान देने की सीख की बदौलत देवकी वाटिका में लाखों पौधों का रोपण कर पौध तैयार किए जा रहे हैं।बताया कि सेना से सेवानिवृत उपरांत आजीवन वाटिका के साथ पर्यावरण संरक्षण संवर्धन के कार्यो से जुड़े रहे जिनके आशीर्वाद से वाटिका द्वारा निरंतर अपनी प्रकृति एवं संस्कृति के संरक्षण कार्य सुचारु हैं, वाटिका में पुण्यतिथि के मौके पर पंडित बसंत जोशी द्वारा शांति पाठ के साथ ही वाटिका से पौध भेंट किये गए।जहाँ देवकी देवी, रमा देवी, ममता देवी, मनीषा मलड़ा, राम सिंह, दिया बिष्ट, भौभव, प्रकृति सिंह, ईश्वरा सिंह,टीना मलड़ा, किशन सिंह मलड़ा आदि मौजूद रहे।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी ने

# जिलाध्यक्ष शरद माहेश्वरी के घर-जाकर परिवारजनों से जानी सकुशलता, जिलाध्यक्ष ने बताया सौभाग्य

**वेलकम इंडिया**

**हाथरस।** संसदीय प्रत्याशी राजस्व राज्य मंत्री अनूप प्रधान के नामांकन सभा में भारतीय जनता के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी मंगलवार को शामिल हुए। उन्होंने केंद्रीय चुनाव कार्यालय का उदघाटन किया, अलीगढ़ रोड के श्रीराम गार्डन में नामांकन सभा को संबोधित किया।

जंहा पर भारी संख्या में पार्टी के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कार्य कर्ता मौजूद थे। इसक बाद वह भाजपा जिलाध्यक्ष शरद माहेश्वरी के आवास पर पहुंचे, जहां पर उन्होंने भाजपा जिलाध्यक्ष शरद माहेश्वरी के परिजनों से मुलाकात की और सकुशलता जानी। तथा उनसे उनके कुशलक्षेम पूछते हुए पार्टी प्रत्याशी को भारी मतों से जिताने की अपील की। यहाँ पर प्रदेश अध्यक्ष का तिलक कर स्वागत अभिनदंन किया गया है।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी का हाथरस में लोकसभा प्रत्याशी के नामांकन सभा को संबोधित करने आये थे, हमारे सौभाग्य की बात यह रही के निज आवास पर पहुचे जंहा पर परिवार के लोगों से सकुशलता को जाना है, प्रदेश अध्यक्ष का आभार व अभिनदंन जताया है। इसके साथ ही वसुंधरा एंक्लेव कॉलोनी में ही स्थित भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष गौरव आर्य के आवास पर भी वह पहुंचे, जहां पर उनका गौरव आर्य व उनकी धर्मपत्नी द्वारा उनका जोरदार स्वागत किया गया। इसके अलावा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी ने फोकस अल्ट्रासाउंड सेंटर के डायरेक्टर एंव युवा समाजसेवी डॉ. विकास शर्मा से भी शिष्टाचार मुलाकात की और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष द्वारा उनसे भी उनके कुशलक्षेम पूछते हुए पार्टी प्रत्याशी को भारी मतों से जिताने की अपील की।वही डॉ. विकास शर्मा द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री राकेश सचान से भी मुलाकात की गई।





## अलीगढ़ में 25 जून को होगा स्वर्णकार समाज का युवक युवती परिचय सम्मेलन



**मथुरा।** अखिल भारतीय स्वर्णकार जन जागृति एसोसिएशन की प्रांतीय इकाई उत्तर प्रदेश के द्वारा जनपद अलीगढ़ में 25 जून मंगलवार को स्वजातीय युवक युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।इस अवसर पर मेधावी छात्र छात्राओं का सम्मान व समाजसेवियों का सम्मान व समाज के वृद्धजन लोगों का सम्मान समारोह भी आयोजित किया जाएगा। उक्त जानकारी राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी सुजीत वर्मा ने देते हुए बताया कि कार्यक्रम की तैयारीयां प्रदेश कमेटी द्वारा शुरू कर दी गई है। परिचय सम्मेलन के माध्यम से जो भी जोड़े बनेंगे उनकी शादी 8 दिसंबर को आगरा में होने वाले सामूहिक विवाह के माध्यम से कराई जाएंगी। श्री वर्मा ने समाज के गणमान्य लोगों से अलीगढ़ में 25 जून को होने वाले परिचय सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आव्हान किया है। प्रदेश अध्यक्ष डा. के. के.वर्मा ने बताया कि इस अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति की बैठक भी होगी।

## श्रीकृष्ण काली पीठ में दस दिवसीय श्रीशतचंडी महायज्ञ की पूणार्हुति 18 अप्रैल को



**मथुरा/वृन्दावन।** गोपीनाथ बाजार स्थित श्रीकृष्ण काली पीठ में चैत्र नवरात्रि के उपलक्ष्य में चल रहे दस दिवसीय श्रीशतचंडी महायज्ञ की पूणार्हुति 18 अप्रैल 2024 को प्रातः 11 बजे श्रीकृष्ण काली पीठाधीश्वर डॉ. केशवाचार्य महाराज के पावन सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य अत्यंत श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ होगी। जिसके मुख्य अतिथि मथुरा - वृन्दावन नगर निगम के महापौर विनोद अग्रवाल होंगे। यह जानकारी महोत्सव के मीडिया प्रभारी डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने दी है। उन्होंने बताया है कि इस अवसर पर अनेक प्रख्यात संत, धमार्चार्य, विद्वान, राजनेता एवं विभिन्न क्षेत्रों के तमाम गणमान्य व्यक्ति भाग लेंगे।

## घर-घर में गूंजा ऊँ दुगार्यै नमः



**गरुड़,बागेश्वर।** नवरात्र व्रतधारियों ने नवमी को कन्या पूजन किया। इस मौके पर कुल पुरोहितों ने ऊँ दुगार्यै नमः का पाठ किया। नौ दिनों से चल रहे व्रतों का बुधवार को व्रतधारियों ने कन्या पूजन के साथ परायण किया। इस मौके पर नौ कन्याओं को भोजन कराया गया। उन्हें उपहार दिए और उनका आशीर्वाद लिया।

# 361 मतदान केंद्रों के लिए टीमें होंगी रवाना सभी तैयारियां पूरी

**वेलकम इंडिया**



**बागेश्वर।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन को स्वतंत्र,निष्पक्ष व शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए जिले में पूरी तैयारी कर ली गयी है। जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराधा पाल ने बुधवार को पोलिंग पार्टियों को सामग्री वितरण, पार्टियों के प्रस्थान व वापसी स्थल सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेने अधिकारियों के साथ वीडी पांडे डिग्री कॉलेज पहुँची। उन्होंने विभिन्न व्यवस्थाओं को परखते हुए कहा कि प्रशासन निर्वाचन कराने के लिए पूर्ण रूप से तैयार है।ब्रहस्पति को सभी मतदान पार्टिया रवाना होगी।

उन्होंने कहा कि जिले में कुल 381 मतदेय स्थल है। जिसमें बागेश्वर विधानसभा क्षेत्र में 192 व कपकोट विधानसभा क्षेत्र में 189 मतदेय स्थल बनाए गए है। दोनों विधानसभाओं में कुल 191 मतेदय स्थलों में वैबकास्टिंग कराई जा रही है। इसकी लाइव निगरानी जिला निर्वाचन इंट्रीग्रेटेड कंट्रोल रूम के साथ ही निर्वाचन आयोग भी करेगा।

मतदान केंद्रों पर प्रकाश, विद्युत व्यवस्था, शौचालय, रैंप आदि की व्यवस्था चाकचौबंद की गई है। बुजुर्ग, दिव्यांग व गर्भवती महिला मतदाताओं के लिए बूथों पर विशेष व्यवस्था यथा शैल्टर, पेयजल, कुर्सी,व्हीलचेयर आदि की गई है तथा वे बिना लाइन में लगे अपने मत का प्रयोग कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि जिले में कुल 218175 मतदाता है। मतदान प्रतिशत बढाने के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। दोनों विधानसभाओं को पांच जोन व 69 सेक्टर में विभाजित किया गया है।

## कनीना सड़क हादसे मामले में

# 6 मासूम बच्चों की मौत के दो आरोपियों को कनीना कोर्ट में पेश किया गया

**राहुल शर्मा हरियाणा/वेलकम इंडिया**



- 5 दिन के पुलिस रिमांड पर थे दोनो आरोपी
- 26 अप्रैल तक भेजा जेल

**कनीना।** कनीना सड़क हादसे मे सिटी थाना कनीना पुलिस ने प्रिंसिपल दीप्ति यादव व सचिव होशियार सिंह को बुधवार को 5 दिन के पुलिस रिमांड के बाद दुबारा कोर्ट मे पेश किया। दीप्ति यादव व सचिव होशियार सिंह दोनो आरोपियों को 12 अप्रैल को कनीना पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया था। दोनो आरोपी 5 दिन के पुलिस रिमांड पर थे। कोर्ट ने दोनो आरोपियों को 26 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत मे भेज दिया है। इस मामले मे पुलिस ने ड्राइवर धर्मेंद्र सहित उसके अन्य चार साथियो हरिश,संदीप,भूदेव व नरेश को भी गिरफ्तार कर लिया था।जिन्होंने आरोपी ड्राइवर धर्मेंद्र के साथ घटना से एक घंटे पूर्व बस मे बैठ कर शराब पी थी।जिन्हे कनीना कोर्ट द्वारा 26 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत मे भेज दिया था।

डीएसपी महेन्द्र सिंह ने बताया की प्रिंसिपल दीप्ति यादव व सचिव होशियार से रिमांड के दौरान अहम दस्तावेज बरामद किए है। स्कूल के चेयरमैन राजेंद्र सिंह लोढ़ा व डायरेक्टर सुभाष यादव की गिरफतारी के लिए इनके बताए गए ठिकानो पर छापेमारी की गई। लेकिन संभावित ठिकानो पर आरोपी नही मिले। उन्होंने बताया की हमारी पुलिस की तीन टीमे उनकी गिरफतारी के लगातार जगह जगह पर छापेमारी कर रही की।

# हाथरस: लोकसभा प्रत्याशी अनूप प्रधान ने दाखिल किया नामांकन

**वेलकम इंडिया**



**हाथरस।** मंगलवार को प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी के साथ भाजपा प्रत्याशी राजस्व राज्य मंत्री अनूप प्रधान ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर नामांकन दाखिल कर दिया। उन्होंने दो सेटों में नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन कक्ष पहुंचकर उन्होंने जिला निर्वाचन अधिकारी अर्चना वर्मा को नामांकन पत्र सौंपा। नामांकन के बाद लौटते समय उन्होंने पत्रकारों से वार्ता की। अनूप प्रधान ने कहा इस बार हाथरस के लोगों की सेवा करने का अवसर पाकर मैं बहुत खुश हूं। नामांकन में प्रस्तावक के रूप में सादाबाद विधायक गुडडू चौधरी, सिकंदरा राऊ विधायक वीरेन्द्र सिंह राणा, जिलाध्यक्ष शरद माहेश्वरी शामिल रहे। तीनों प्रस्तावकों की मौजूदगी में अनूप प्रधान ने दो सेटों में नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन दाखिल कर लौटे अनूप प्रधान ने कहा कि हाथरस अब लड़ने का मन बना चुकी है। इस बार सपा को हार और भाजपा को जीत मिलेगी। इस बार हाथरस की जनता के लिए बड़ी विकास परियोजनाएं शुरू की जाएंगी।उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हाथरस के लिए हर संभव मदद करेंगे। इससे पहले चुनाव कार्यालय पर भाजपा की एक सभा भी हुई। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने विपक्षी दलों पर जमकर निशाना साधा और अपनी सरकार की उपलब्धियां बताई। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के बनने से पहले पूरा

प्रदेश दंगाइयों के हवाले था। भ्रष्टाचार, बेईमानी और गुंडागर्दी व्याप्त थी। इस देश में लंबे समय तक कांग्रेस ने राज्य किया, लेकिन उनके नेता भ्रष्टाचार में डूब गए। भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि भाजपा की सरकार बनने से पहले सरकारी योजनाएं भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाती थी। भाजपा ने जनता से जो वादे किए हुए पूरे किए हैं। अयोध्या में भव्य राम मंदिर भी बनवाया है। हमारी सरकार से पहले हमारी धार्मिक यात्राओं पर प्रतिबंध लगा दिया जाता था। शोभायात्रा पर प्रतिबंध था। पुरानी सरकारें हमारे तीर्थस्थलों, पर्वों पर प्रतिबंध लगाने का काम करती थी। हमारी सरकार विकास के साथ-साथ आस्था, परंपरा और विरासत को लेकर आगे बढ़ने का काम कर रही है। आज उत्तर प्रदेश बदलता हुआ उत्तर प्रदेश है। उत्तर प्रदेश आज पूरे देश में महाराष्ट्र के बाद दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। 2014 के लोकसभा चुनाव में हमें 42 प्रतिशत वोट मिला। 2019 में जब सपा और बसपा जैसे सभी दल एक हो गए। तब हमें 50 प्रतिशत से ज्यादा वोट मिला।

## मनुष्य जीवन में जाने अनजाने प्रतिदिन कई पाप होते हैं - कथा व्यास श्री मधु सौभरि लाडली

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा।** नवरात्रि के पावन पर्व पर नवमी तिथि को हनुमान बगीची में चल रही श्री मद्भागवत कथा के तीसरे दिन की कथा मे व्यास गद्दी पर विराजमान श्री मधु सौभरि लाडली जी ने कहा कि मनुष्य जीवन में जाने अनजाने प्रतिदिन कई पाप होते हैं, उनका ईश्वर के समक्ष प्रायश्चित करना ही एकमात्र मुक्ति पाने का उपाय है, उन्होंने ईश्वर आराधना के साथ अच्छे कर्म करने का आह्वान किया।श्री मद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए उन्होंने जीवन में सत्संग व शास्त्रों में बताए आदर्शों का श्रवण करने का आह्वान करते हुए कहा कि सत्संग में वह शक्ति है जो व्यक्ति के जीवन को बदल देती है। उन्होंने कहा कि व्यक्तियों को अपने जीवन में क्रोध,लोभ, मोह, हिंसा, संग्रह आदि का त्यागकर विवेक के साथ श्रेष्ठ कर्म करने चाहिए। मधु सौभरि लाडली जी ने बुधवार को भागवत कथा के दौरान कपिल चरित्र,सती चरित्र, ध्रुव चरित्र, जड़ भरत चरित्र, आदि प्रसंगों पर प्रवचन करते हुए कहां कि भगवान के नाम मात्र से ही व्यक्ति भवसागर से पार उतर जाता है। मीडिया प्रभारी विकास खत्री ने बताया कि आज व्यास पीठ पर विराजमान मधु सौभरि लाडली का जन्मदिन भी मनाया गया। उन्होंने भगवत कीर्तन करने ज्ञानी पुरुषों के साथ सत्संग कर ज्ञान प्राप्त करने व अपने जीवन को सार्थक करने का आह्वान किया।

# भाजपा ने सदैव जनहित व देशहित को तवज्जो दी : रणजीत सिंह

वेलकम इंडिया



**हरियाणा/हिसार(राजेश सलूजा)।** हिसार लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार रणजीत सिंह चौटाला ने कहा है कि भाजपा ने सदैव जनहित व देशहित को तवज्जो दी है। यही कारण है कि देश का बच्चा-बच्चा नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने को आतुर है।

रणजीत सिंह चौटाला बुधवार को जिले में विभिन्न क्षेत्रों में अपने दौरा कार्यक्रम के दौरान नागरिकों को संबोधित करके वोटों की अपील कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 10 वर्षों में किस तरह देश की कायापलट की, सबके सामने है। यदि हम चाहते हैं कि देश उन्नति करं और नागरिकों को पर्याप्त मात्रा में मूलभूत सुविधाएं मिलें, तो हमें ऐसी पार्टी का चयन करना होगा जो ऐसा करने की क्षमता रखती है। उन्होंने कहा कि हिसार लोकसभा क्षेत्र उनका घर व परिवार है और विश्वास दिलाते हैं कि जीत के बाद घर परिवार की सुख सुविधाओं में कमी नहीं आने देंगे और यदि कोई समस्याएं हैं तो उनका प्राथमिकता से निपटारा किया जाएगा।

शहरी क्षेत्र में सभाओं को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री सावित्री जिंदल ने रणजीत सिंह चौटाला के लिए वोटों की अपील की।

उन्होंने कहा कि कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने देश को विकासशील से विकसित देशों की श्रेणी में खड़ा किया है। हमें पूरा भरोसा है कि तीसरी बार सरकार बनाकर हम देश को विकसित बनाने में अपना सहयोग देंगे।

भाजपा लोकसभा मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपड़ा ने बताया कि पार्टी उम्मीदवार ने सुबह विद्युत नगर से अपना कार्यक्रम शुरू किया और सेक्टर 9-11, हिसार कैंट, मॉडल टाउन एक्सटेंशन व नलवा विधानसभा क्षेत्र के आर्यनगर गांव में जनसभाएं की और वोटों की अपील की। सुबह विद्युत नगर में पार्टी नेता स्नेहलता निंबल के आवास पर उनका स्वागत किया गया वहीं आर्यनगर में सचिन जैन (श्री महावीर कैटल फीड इंडस्टरीज) की ओर से आयोजित सभा में वे शामिल हुए।

# घर घर पूरे दिन गूंजते रहे देवी मां के जयकारे



वेलकम इंडिया

**बाजार शुक्ल अमेठी।** नवरात्र की नवमी पर चारों तरफ मां के जयकारे गूंजते रहे। हर तरफ भंडारे का दौर चल रहा था। घरों और मंदिरों में कन्या भोज हुआ। नवमी पर मंदिरों में श्रद्धालुओं का देर रात तक मेला लगा रहा। मंदिरों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था भी चौकस रही।देवी भगवती के नौवां स्वरूप सिद्धिदात्री का है।

मां सिद्धिदात्री की आराधना कर लोगों ने नवरात्र के व्रत पूर्ण किए। नवमी के चलते भोर को ही महिलाओं आदि ने स्नान आदि कर मां दुर्गा की आराधना की। हवन-पूजन के बाद पूड़ी, हलवा, खीर और चना आदि बनाया। कुछ लोगों ने बाजार से दही-जलेबी खरीदी। इसके बाद कन्याओं को भोज कराया गया। नवमी के चलते कन्याओं की भी मारामारी रही। कई लोगों ने मंदिरों में जाकर कन्या भोज करवाया। श्रद्धानुसार कन्याओं को दान-दक्षिणा दी गई। कन्या भोज निपटाने के बाद भक्तों ने देवी मंदिरों की ओर रुख किया और मां के दर्शन कर मनौती मांग व्रत तोड़ा। नवमी के चलते सुबह से ही देवी मंदिरो पर भक्तों का आना शुरू हो गया।

## 9 साल पहले पदोन्नति प्राप्त जूनियर हाई स्कूलों के

# हेड मास्टरों को लेकर हाई कोर्ट के आदेश पर लिया जायेगा फैसला : प्रताप सिंह बघेल

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** उच्च न्यायालय के आदेश पर अब शीघ्र होगी कार्रवाई होने के आसार नजर आ रहे हैं। लगभग नौ वर्ष पूर्व उच्च प्राथमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापक पद पर बरेली के 428 पदों पर पदोन्नति की गई थी। जिसमें 123 प्रधानाध्यापकों ने पदभार ग्रहण कर लिया था और 305 ने कार्य भार ग्रहण नहीं किया था। इसी बीच पदोन्नति को आधार बनाकर कई अध्यापक उच्च न्यायालय की शरण में चले गए थे। जिस कारण विभागीय आदेश का पालन कर कार्यभार ग्रहण करने वाले प्रधानाध्यापकों का वेतन नहीं लग पाया और न ही चयन वेतनमान प्राप्त हो सका, जिस कारण ऐसे प्रधानाध्यापक जिन्होंने पदभार ग्रहण कर लिया था उनका वेतन अपने अधिनिस्थ सहायकों से कम हो गया था। जिसकी लड़ाई पिछले 9 वर्षों से ये 123 प्रधानाध्यापक लड़ रहे हैं।

वेतनमान लेने के लिए भी रामनगर के मोरपाल एवं रामावतार पांडे लगातार न्यायालय में अपना पक्ष रख रहे थे, वहीं बरेली के ही इन 123 अध्यापकों में से एक राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक लाल बहादुर गंगवार ने पूर्व केंद्रीय मंत्री संतोष गंगवार एवं प्रदेश सरकार में वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ अरुण कुमार के माध्यम से कई बार अपना पक्ष जिलाधिकारी और कमिश्नर के साथ विभागीय उच्च अधिकारियों से मिलकर रख चुके हैं। इस संबंध में बेसिक शिक्षा निदेशक एवं बेसिक शिक्षा मंत्री के समक्ष भी यह मुद्दा उठाया गया था इतने लंबे अंतराल के बाद अब उच्च न्यायालय के आदेशों के बाद सचिव बेसिक शिक्षा परिषद प्रताप सिंह बघेल कोर्ट के आदेश पर इन 123 शिक्षकों के बारे में चुनाव समाप्त होने के बाद कोई आदेश जारी कर सकते हैं। सूत्रों का कहना है कि हाई कोर्ट के आदेश के बाद उच्च प्राथमिक स्तर के प्रधानाध्यापक पदों पर पदोन्नति का रास्ता साफ हो जाएगा। वहीं इन 123 प्रधानाध्यापकों जो 9 वर्ष पूर्व में पदोन्नति प्राप्त कर चुके थे उनकी भी समस्याओं का समाधान हो सकेगा। इस प्रकरण पर राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक लाल बहादुर गंगवार ने सचिव बेसिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश से इस संबंध में विस्तृत वार्ता की है, सचिव प्रताप सिंह बघेल ने उन्हे बताया है कि इस संबंध में उनकी पूरी टीम लगातार प्रयासरत है और चुनाव के पश्चात जिले स्तर पर शीघ्र आदेश निर्गत कर दिया जाएगा।

# आम के पेड़ पर लटका मिला युवक का शव, पुलिस ने पोस्टमॉर्टम को भेजा

वेलकम इंडिया,लईक सैफी



ग्राम बादली निवासी युवक का शव बुधवार को आम के पेड़ पर लटका मिला है। शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और तहरीर मिलने पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी ।हालांकि परिजनों ने किसी भी प्रकार की रंजिश से इंकार किया है।
**-कीर्तिनिधि आनंद, सीओ टांडा**

**टांडा जिला रामपुर।** निकटवर्ती ग्राम बादली निवासी युवक का शव बुधवार को सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में आम के बाग में पेड़ से लटका मिला ।जिससे सनसनी फैल गयी ।मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पेड़ से उतरवाया और गहनता से घटनास्थल की जांच की ।तत्पश्चात पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

नगर से सटे ग्राम बादली निवासी अंकुश(22वर्ष) पुत्र जयपाल सिंह चेन्नई में रहकर कारपेंटर का काम करता था ।अभी तीन दिन पहले ही वह चेन्नई से आया था ।परिजनों के अनुसार वह मंगलवार की शाम सात बजे के लगभग घर से जरूरी काम से जाने को कहकर निकला। लेकिन देर रात तक घर नहीं पहुंचने से परिजनों को चिंता हुई ।उन्होंने गांव व आसपास के क्षेत्र सहित रिश्तेदारी में तलाश किया ।परंतु कोई पता न चल सका ।बुधवार की सुबह सात बजे के करीब जब कुछ लोग गेहूँ काटने खेतों पर जा रहे थे तो उन्होंने ग्राम बादली में राजकीय इंटर कॉलेज के पास स्थित आम के बाग में एक शव पेड़ पर लटका देखा ।सूचना पर ग्रामीणों की भीड़ लग गयी ।परिवारजन भी मौके पर पहुंच गए ।ग्रामीणों ने पुलिस को घटना की जानकारी दी ।सूचना पाकर पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंच गई ।पुलिस ने शव को पेड़ से उतरवाया और घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए ।पुलिस ने परिजनों से भी पूछताछ की ।पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया ।परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# दंपत्ति कर्मियों को चुनाव ड्यूटी में आयोग के आदेश के बाबजूद नही मिल पा रही राहत जिला प्रशासन मौन

वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** दम्पत्ति कार्मिकों के आगामी लोकसभा चुनाव में ड्यूटी लगाने को लेकर शिक्षक संगठनों की मांग को लेकर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने पूर्व की व्यवस्था के अनुसार पति-पत्नी दोनों में से किसी एक को उनके प्रार्थना पत्र के आधार पर चुनाव ड्यूटी से मुक्त किए जाने के लिए समस्त जिला निर्वाचन अधिकारियों को आदेश जारी कर दिया हैं। बाबजूद इसके जिले में दंपत्ति कर्मी इधर उधर भटकने को मजबूर हैं। कर्मचारियों का साफ कहना है कि जिले के विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी के कार्यालय के चक्कर लगा लगा कर परेशान हो गए हैं लेकिन कोई भी अधिकारी उनकी सुनने को तैयार ही नही, जिसकी वजह से उनके परिवार में छोटे छोटे बच्चों को लेकर संकट की स्थिति उत्पन्न हो गई है। दंपत्ति कर्मियों के सामने बड़ी समस्या खड़ी हो गई है कि वह लगभग दो दिन तक अपने नौनिहाल को कहां छोड़ कर चुनाव ड्यूटी में जाये। आयोग के स्पष्ट आदेश के बाबजूद जिला निर्वाचन अधिकारी इस प्रकरण पर खामोशी बरत रहे हैं। इससे दंपत्ति कर्मियों में जिला प्रशासन को लेकर आक्रोश व्याप्त है। आपको बता दें कि उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने जारी आदेश में कहा है कि गत लोकसभा चुनाव वर्ष 2019 एवं विधानसभा चुनाव 2022 में ऐसे पति-पत्नी जो दोनों ही सरकारी सेवा में है उनके बच्चों की देखभाल की समस्या को ध्यान में रखते हुए उनमें से किसी एक को चुनाव ड्यूटी से मुक्त रखने के लिए निर्देश दिए गए थे। तमाम शिक्षक संगठनों ने इस प्रकरण को लेकर मुख्य निर्वाचन अधिकारी से पूवानुर्सार कार्यवाही करने की मांग की थी।

# पुलिस ने दुष्कर्म करने के मामले में वाँछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**संतकबीनगर।** जनपद में मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत महिलाओं पर अपराधों के रोकथाम हेतु पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद बृजेश सिंह के निकट पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली खलीलाबाद उ0नि0 राकेश कुमार, का0 अनूप यादव ने मु0अ0स0 152/2024 धारा 323/ 363/ 366/ 376(3) भा0द0वि0 व 5/6 पाक्सो एक्ट के मामले मे वांछित अभियुक्त राकेश मौर्या पुत्र रामप्यारे मौर्या निवासी ऊँचागांव थाना रानी की सराय जनपद आजमगढ़ को खलीलाबाद रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। विदित हो कि उक्त अभियुक्त द्वारा वादी की नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले गया था तथा दुष्कर्म की घटना कारित की गयी थी, जिसके संबंध में वादी द्वारा थाना स्थानीय पर अभियोग पंजीकृत कराया गया था ।

# कनीना में नेहरू युवा केंद्र ने चलाया मतदान जागरूकता अभियान



राहुल शर्मा हरियाणा/वेलकम इंडिया

**कनीना।** बुधवार को कनीना में एसबीआई बैंक के सामने एप्टेक कंप्यूटर सेंटर कनीना में जिला चुनाव अधिकारी मोनिका गुप्ता और नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी नित्यानंद यादव के नेतृत्व में मतदान जागरूकता अभियान चलाया। ब्लॉक कोऑर्डिनेटर दीपक कुमार ने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व चुनाव में मतदाताओं की शत प्रतिशत सहभागिता के लिए लगातार जागरूकता अभियान चलाई जा रहे हैं। कॉलेज और इंस्टिट्यूट में जाकर लोगों को मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की जा रही है। दीपक कुमार ने कहा कि छोड़ो अपने सारे काम पहले चलो करें मतदान कर नारा लगाकर लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया। उन्होंने कहा कि अगर हमें अपने सपने पूरे करने हैं तो हमें एक अच्छी सरकार चुनी पड़ेगी और तभी हमारे सपने सच होंगे। यह सपने भी तब सच होंगे जब हम सो प्रतिशत लोकतंत्र में मतदान करेंगे। इस मौके पर एप्टेक की डायरेक्टर कमलेश, मैनेजिंग डायरेक्टर संदीप मालडा, दिनेश, राहुल, शालू, रजनी, अशोक, नवीन, प्रदीप, सोनू सहीत अन्य और छात्र मौजूद रहे।

# भाजपा महानगर के पदाधिकारियों ने 1066 मन्दिरों पर मनाया रामनवमी उत्सव



वेलकम इंडिया/समर्थ कुमार सक्सेना

**लखनऊ।** भाजपा लखनऊ महानगर आनंद द्विवेदी के नेतृत्व में लखनऊ महानगर के अंतर्गत राम लला का दिव्य विग्रह फोटो राम काजु कीन्हे बिनु मोहि कहा बिश्राम का फ्लैक्स 1066 मन्दिरों पर लगाकर गया जिसमे क्षेत्रीय विधायक, महापौर, पार्षद, जनप्रतिनिधि, मण्डल अध्यक्ष एवम पार्टी के महानगर पदाधिकारियों उपस्थित होकर राम नवमी उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम में भगवा यात्रा, शोभा यात्रा में सम्मलित होने के साथ कार्यकताओं ने मन्दिरों पर उपस्थित होकर पूजा अर्चना कर प्रसाद का वितरण किया गया।

भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी काली बाड़ी मंदिर में पहुंचकर पूजा अर्चना की वही बंगला बाजार तथा भावानीगंज वार्ड से निकलने वाली शोभा यात्रा में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर कार्यक्रम लखनऊ महानगर उपाध्यक्ष धनश्याम दास अग्रवाल, कार्यक्रम संयोजक टिंकू सोनकर, चेतन विष्ट, विजय भुर्जी, हिमाशु सोनकर, ईशु, उपस्थित रहे।

# पानी के अधिकार से वंचित करना किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा: प्रमुख सचिव राजस्व

वेलकम इंडिया



**झांसी।** आज प्रमुख सचिव राजस्व पी0 गुरुप्रसाद ने वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से ग्रीष्म काल के दृष्टिगत जनपद में पेयजल समस्या के समाधान हेतु जनपद में तैयार कार्य योजना की समीक्षा की करते हुये कहा कि जल जीवन मिशन शासन की उच्च प्राथमिकता में शामिल परियोजना है,जो भी कार्य हैं उन्हें समय सीमा अंतर्गत पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करें। पेयजल से जुड़ी परियोजनाओं एवं कार्यो को किसी भी स्तर पर लम्बित न रखा जाये।

उन्होने कहा कि जनपद में किसी भी क्षेत्र में पेयजल समस्या यदि हो तो वहां वैकल्पिक व्यवस्था को समय से पूरा कर लिया जाये प्रमुख सचिव राजस्व ने लाल बहादुर शास्त्री (एनेक्सी) भवन, द्वितीय तल स्थित सभाकक्ष से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से पेयजल की समस्या से निपटने हेतु तैयार की गई।

कार्ययोजना की जानकारी लेते हुए जनपद में जलस्तर की क्या स्थिति है तथा जनपद में हीटवेव की गाइडलाइन जारी करते हुए हीटवेव से बचाव हेतु क्या तैयारियां की गईं हैं? इसके अतिरिक्त यदि किसी क्षेत्र में पानी की कमी को दूर किया जाना है तो उसके लिए वैकल्पिक व्यवस्था कि जानकारी ली।

# इस्कॉन मंदिर ने मंत्रोच्चारण कर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए धूम धाम से मनाया राम नवमी उत्सव



वेलकम इंडिया/समर्थ कुमार सक्सेना

**लखनऊ।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी राधा रमण बिहारी मंदिर इस्कॉन सुशांत गोल्फ सिटी, लखनऊ में 17 अप्रैल 2024 दिन बुधवार को राम नवमी उत्सव का भव्य आयोजन हुआ।

अपरिमेय श्याम, मन्दिर अध्यक्ष, इस्कॉन, लखनऊ के दिशा-निदेर्शों के अनुरूप मयार्दा पुरूषोत्तम प्रभु राम का प्राकट्य दिवस राम नवमी उत्सव का शुभारम्भ विधिवत पूजन-अर्चन एवं मंत्रोच्चारण करके किया गया, जिसके बाद क्रमानुसार अन्य सभी कार्यक्रम प्निम्नानुसार संपन्न हुए हरिनाम संकीर्तन, पुष्पांजलि, आरती हुई। राम नवमी उत्सव पर शहर भर से आये हुए भक्तों ने पुष्पांजलि अर्पित करते हुए अपने श्रद्धा सुमन भेंट किये, सभी भक्तों ने बड़े ही हर्षोल्लास के साथ राम नवमी उत्सव को मनाया। साथ ही साथ वैष्णव परम्परा के अनुरूप व्रत का पालन किया। कार्यक्रम की समाप्ति पर सभी उपस्थित भक्तों ने स्वादिष्ट एकादशी प्रसादम भंडारा का आंनद लिया।

# 29 वर्ष पूर्ण होने पर सुगत बुद्धविहार में बुद्ध वदंना का कार्यक्रम आयोजित

वेलकम इंडिया



**झांसी।** पूज्य भंते कुमार काश्यप महाथेरो जी प्रबन्धक अध्यक्ष बुन्देलखण्ड क्षेत्र अखिल भारतीय भिक्षु महासंघ सुगत बुध्द विहार चैरिटेबिल ट्रस्ट पारीछा झांसी उ प्र के भिक्षु जीवन के 29 वर्ष पूर्ण होने पर सुगत बुद्धविहार में बुद्ध बन्दना का कार्यक्रम आयोजित किया गया बुद्ध बन्दना में आदरणीय परियोजना के मुख्यमहाप्रबन्धक महोदय,समिति के अध्यक्ष इं अमित सुमन जी,आदरणीय इं नरेन्द्र कुमार साहब,इं त्रिभुबन साहब,इं राजेश सिंह,इं बिपिन आर्य जी,इं सुभाष चंद्रा जी,सुशील मास्टर साहब, प्रदीप जी,बिजय गोयल जी, ब्रजेश बाबू जी,राजेश कुरील जी, नीरज जी,जितेंद्र जी,महेंद्र जी,राजीव जी, एवं उपासिकायें नीतू, आरती, तपस्या, सन्ध्या,लता,ज्योति,रीना, उर्मिला स्वाति स्वेता मिली, खुसी, आंशिक,,उपस्थित रही सभी धम्म बन्धुओं ने पूज्य भन्ते जी के त्याग,संघर्ष, की सराहना के साथ हार्दिक शुभकामनाएं दी और धम्म बन्धुओ ओर उपास्काओ ने उपहार देकर पूज्य भन्ते जी को सम्मानित कर आशीर्वाद दिया । आप इसी प्रकार बुद्ध धम्म का प्रचार-प्रसार करके लोगों को जागरूक करते रहें। एवम् हम लोगों पर आपका आशिर्वाद बना रहें यही कामना करते हैं।


सीजीएम साहब और समिति ने भगवान बुद्ध का स्मृति चिन्ह भेंट कर पूज्य भंते जी के लिए मंगल कामनाएं सभी लोगों ने की सभा का सफल संचालन भाई कमलेश कोटरा ने किया।

# टूटे लोहे के खंभे नहीं बदले जाने, लकड़ी के सहारे चल रही विद्युत व्यवस्था

**संतकबीनगर।** दुधारा थाना क्षेत्र के लोहरौली ठकुराई में लगभग चार माह से लोहे का खंभा टूट जाने के कारण लकड़ी के सहारे चल रही विद्युत व्यवस्था तथा विभागीय ठेकेदार द्वारा की जा रही हीलाहवाली ग्रामीणों की परेशानी का कारण बनी हुई है। मामले को लेकर ग्रामीणों में विभागीय जिम्मेदारों के प्रति रोष व्याप्त है। थाना दुधारा क्षेत्र के गांव लोहरौली ठकुराई में लगभग चार माह पूर्व लोहे का विद्युत पोल टूट गया जिससे यहां की बिजली आपूर्ति लकड़ी के सहारे विद्युत व्यवस्था चल रही है किसी घर के सामने किसी के छत पर खुला हुआ तार पड़ा है जिससे दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। विभागीय ठेकेदार द्वारा की जा रही हीलाहवाली से ग्रामीणों में तीखी नाराजगी है। ग्रामीण विनोद कुमार विश्वकर्मा, मो रऊफ, शिवसागर, छोटू गौड़,निर्मला, अगई आदि दर्जनों ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से उत्पन्न समस्या के समाधान की मांग किए हैं।

# पूर्व जिलाध्यक्ष तेजपाल प्रमुख को हापुड़ विधानसभा क्षेत्र का प्रभारी बनाये जाने पर किया स्वागत

वेलकम इंडिया /राजेंद्र सिंह



**हापुड़।** जनपद हापुड़ समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की स्वीकृति से नरेश उत्तम पटेल समाजवादी पार्टी प्रदेश अध्यक्ष सदस्य विधान परिषद द्वारा हापुड़ के पूर्व जिलाध्यक्ष तेजपाल प्रमुख संघर्ष शील नेता को राकेश यादव पूर्व एमएलसी लोकसभा चुनाव प्रभारी मेरठ के मार्गदर्शन में विधानसभा क्षेत्र हापुड़ के जॉन,सेक्टर व बूथ के प्रभारी नियुक्त किये गए। तो वही तेपाल प्रमुख के प्रभारी नियुक्त होने पर बुधवार को लोकसभा सांसद प्रत्याशी के हापुड़ मुख्य चुनाव कार्यलय पर पदाधिकारियों व कार्यकताओं द्वारा फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। तो वही तेजपाल प्रमुख ने बताया कि में अपने पद की गरिमा को रखते हुए अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह करते हुए मेरठ हापुड़ लोकसभा सांसद प्रत्याशी सुनीता वर्मा को ससम्मान के साथ समाजवादी पार्टी की सरकार में राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा लोगों को प्रदान की गई जनकल्याणी योजनाओं का प्रचार प्रसार कर जिताने का काम करूँगा।

बताते चले दे तेजपाल प्रमुख एक सामान्य एवं किसान परिवार से आते है और समाजवादी पार्टी के प्रति लगातार कर्मठ सिपाही हैं वे अपनी ईमानदारी के साथ कार्य करते हैं स्वागत करने वालो में आनंद गुर्जर उर्फ बबलू जिला अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी हापुड़,पप्पू चैयरमेन संजय गहलोत, मनजीत चौधरी, नदीम जड़ोदिया, पियूष, कुणाल, जाहिर, आदेश गोस्वामी, रविंदर यादव, इकराम सूफी व पुरुषोत्तम वर्मा आदि लोग उपस्तिथ रहे।

शुभकामनाएं देने वालों में एडवोकेट मौ.बिलाल समाजवादी पार्टी महासचिव, संजय गहलोत,डॉ नरेश सागर, पदम सिंह समाजवादी पार्टी जिला उपाध्यक्ष,संजय यादव, वाहिद चौधरी, ललित यादव ,शहर अध्यक्ष नदिम जड़ोदिया, समाजवादी अनुसूचित मोर्चा, अंकित जाटव जिला अध्यक्ष समाजवादी लोहिया वाहिनी, रविंद्र यादव छात्र सभा जिला अध्यक्ष, संजय गर्ग, हाजी ईलाही कुरेशी,शालू जौहरी, नीरज कुमार राष्ट्रीय सचिव व ब्रिजेश कश्यप राष्ट्रीय उपाध्यक्ष समाजवादी मजदूर सभा सपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओ ने बधाई दी।

# गठबंधन सांसद प्रत्याशी सुनीता वर्मा ने किया कई गांवों का तूफानी दौरा, ग्रामीणों की समस्याएं सुनी

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**



**हापुड़।** मेरठ लोकसभा गठबंधन प्रत्याशी सुनीता वर्मा ने लोकसभा के चुनाव को लेकर दर्जनों गांवों का किया तूफानी दौरा किया।जिसमे बाबूगढ़ क्षेत्र के गांव उदयपुर नली हुसैनपुर होशियारपुर गढी छपकोली भड़ंगपुर भिम्यानी लुखराडा शेखपुर जैतपुर भमैडा अयाद नगर झण्डा ककोडी भटेल मंढैया और कई गांव का का भी तूफानी दौरा किया जितने भी गांव-गांव में जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किए गए थे कार्यक्रम का संचालन प्रदेश सचिव देवेंद्र जाखड़ द्वारा किया गया।

इस दौरान ग्रामीणों ने गठबंधन प्रत्याशी सुनीता वर्मा जाटव को माला व फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया जनता से जनसंपर्क करने में रहे पूर्व मंत्री शाहिद मंजूर ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा सरकार जुमले बाजो की सरकार है इस सरकार में किसान मजदूर बहुत ज्यादा परेशान है जहां सरकार कहती है कि हम युवाओं को रोजगार देंगे युवाओं को कोई भी रोजगार नहीं दिया गया है महंगाई चरम पर है वही आपको बता दे की पूर्व विधायक गजराज सिंह ने बताया कि अबकी बार गठबंधन सरकार और बताया कि इस समय समाज को लेकर एकजुट होकर चलने का है इंडिया गठबंधन प्रत्याशी सुनीता वर्मा जाटव को जीतकर संसद में बैठना है।

गठबंधन प्रत्याशी सुनीता वर्मा जाटव ने ग्रामीणों की मांग पर गाँव में ग्रामीणों से मिले सम्मान को लेकर आभार जताया।सदा इंडिया गठबंधन प्रत्याशी सुनीता वर्मा जाटव ने अपने कर्तव्य को ईमानदारी से निर्वाहन करने का आश्वासन दिया और जनता से अधिक से अधिक 26 अप्रैल को वोट करने की अपील की वहीं जनता ने भी स्वागत में कोई कमी नही छोड़ी इस मौके पर चौधरी शीशपाल सिंह ,संजय यादव ,शालू जौहरी, पदम सिंह जाटव एवं गठबंधन के सैकड़ो कार्यकर्ता के साथ साथ सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

## अज्ञात वाहन के ठोकर से युवक की मौत, घर मे मचा कोहराम

**चिल्हियां/सिद्धार्थनगर।** चिल्हियां थाना अन्तर्गत देवकलीगंज बेलगडा रोड पर मंगलवार की देर शाम कोई अज्ञात वाहन ने एक बाइक सवार को ठोकर मार दिया, जिससे बाइक सवार सड़क पर गिरकर बुरी तरह घायल हो गया। सूचना पाकर परिजन आनन-फानन मे इलाज के लिए जिला चिकित्सालय ले गये, जहां उपचार के दौरान युवक की मृत्यु हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार चिल्हियां थाना क्षेत्र के कनुवाडीह निवासी अमरनाथ मिश्र उम्र लगभग 38 साल जरूरी काम से मंगलवार को देवकलीगंज बाजार गये थे। शाम को वापस अपने घर आते समय बेलगडा गांव के पास कोई अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दिया, जिससे अमरनाथ मिश्र सड़क पर गिरकर बेहोश हो गये। राहगीरों द्वारा परिजन को सूचना दिया गया। सूचना पाकर परिजनों ने इलाज के लिए जिला अस्पताल सिद्धार्थनगर ले गये, जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई।

# लोकसभा चुनाव हेतु सेवापुरी विधानसभा भाजपा कार्यालय का एमएलसी ने किया उद्घाटन

**वेलकम इंडिया**





**मिजार्मुराद(वाराणसी)।** रामनवमी के अवसर पर जीटी रोड खजुरी मिजार्मुराद वाराणसी में बुधवार को लोकसभा चुनाव हेतु सेवापुरी विधानसभा भाजपा कार्यालय का उद्घाटन एमएलसी एवं भाजपा जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा ने फीता काटकर तथा पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया।

एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा ने वाराणसी लोकसभा सीट के उम्मीदवार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भारी मतों से ऐतिहासिक जीत दिलाने हेतु अपने-अपने क्षेत्रो में निकल कर प्रधानमंत्री जी द्वारा किए गए विकास कार्यो के बारे में लोगों को बताने के लिये उपस्थित भाजपा के पदाधिकारियो एवं कार्यकताओं से अपील किया।

इस अवसर पर जिला प्रभारी अरुण पाठक, पूर्व विधायक जगदीश पटेल, लोकसभा संयोजक सुरेंद्र नारायण सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या, सदस्य विधान परिषद धर्मेन्द्र सिंह, महापौर अशोक तिवारी, पूर्व सांसद राजेश मिश्रा, ब्लॉक प्रमुख प्रवेश पटेल, महेन्द्र पटेल, अपना दल एस जिलाध्यक्ष डॉ नरेन्द्र पटेल, अजय सिंह मुन्ना, देवेंद्र सिंह, अशोक मिश्रा, राजेश राजभर, राम प्रकाश सिंह वीरू, मुकुंद जायसवाल, संजय सोनकर, अरबिंद पटेल, अश्वनी पाण्डेय, विनोद सोनकर, विक्रम पटेल, सुरेन्द्र बिन्द, यतीश तिवारी, शशि प्रकाश सिंह व कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ वंशराज पटेल व संचालन जिला महामंत्री प्रवीण सिंह गौतम ने किया।

# जागरुकता के तहत छात्र-छात्राओं व आमजन लोगों को दी अग्नि सुरक्षा की जानकारी

**वेलकम इंडिया**



**हाथरस।** अग्निशमन सेवा सुरक्षा सप्ताह के दौरान पुलिस अधीक्षक निपुण अग्रवाल के निर्देशानुसार मुख्य अग्निशमन अधिकारी राजकुमार बाजपेयी के नेतृत्व में जनपद में फायर सर्विस यूनिटों द्वारा बागला जिला चिकित्सालय, विभिन्न फिलिंग स्टेशन, ट्रेडंस मॉल आगरा रोड हाथरस, सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र कस्बा सहपऊ, श्रीराम हॉस्पीटल सहपऊ, गुप्ता हॉस्पीटल सादाबाद, अमोल चन्द पब्लिक स्कूल सिकन्दराराऊ, आरजी हाईकेन प्रालि सासनी, एसएलएनजी वेबरेज प्रालि रूहेरी सासनी, तहसील परिसर सादाबाद, रामदेव इण्टर कॉलेज एदलपुर सादाबाद, घनश्याम सिंह इण्टर कॉलेज नगला हरनाम सादाबाद, मैसस अखण्ड इण्टरप्राइजेज आगरा रोड सादाबाद आदि में अग्निसुरक्षा के सम्बन्ध में प्रचार-प्रसार किया गया। शीर्षक अग्नि सुरक्षा सुनिश्चित करें, राष्ट्रीय निर्माण में योगदान दें के तहत अग्नि से बचाव के सम्बन्ध में निम्नलिखित जानकारी दी गयीं। जैसे बिजली के निर्धारित भार का ही प्रयोंग करें। बिजली वायरिंग में निर्धारित एमसीवी का प्रयोंग करें।

आग लगने पर भवन में लगे अग्निशमन प्रणालियों द्वारा आग को बुझाने का प्रयास करें ।पलायन मार्गो में किसी भी तरह का बाधा न पहुंचाये बल्कि उसे खाली रखें। धुँए में फंस जाने पर जमीन के सहारे चलें। आग लगने पर निकटतम पलायन मार्ग से भवन से निकलना चाहिए। आग लगने पर लिफ्ट का प्रयोग न करें। आग लगने पर सदैव फायर स्केप-सीढी का प्रयोग करें।

## एक अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से दस लीटर अवैध देशी शराब बरामद

**हाथरस।** पुलिस अधीक्षक निपुण अग्रवाल के आदेशानुसार अवैध शराब के निर्माण तथा बिक्री पर अंकुश लगाये जाने के दृष्टिगत कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक हाथरस के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है ।जिसके कब्जे से 10 लीटर अवैध देशी शराब बरामद हुई है ।अभियुक्त सूरज पुत्र बबलू पहलवान निवासी मौहल्ला माइयान बस स्टैण्ड के सामने थाना कोतवाली नगर जनपद हाथरस की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है ।

# आग से सैकडों बीघा गेहूँ की फसल जलकर हुई राख

**विजय द्विवेदी /वेलकम इंडिया**



**प्रतापगढ।** मऊआइमा के बैरहन से क्रेशर मशीन लेकर आया युवक बुधवार दोपहर देल्हूपुर के तवंकलपुर में गेहूं काट रहा था कि अचानक आग लग गई। आसपास के लोग दौड़े लेकिन हवा के तेज झोंके के साथ आग 100 बीघा से अधिक फसल तक पहुंच गई।आग की चपेट में आने से क्रेशर मशीन भी जल गई। रानीगंज से आए फायर ब्रिगेड कर्मियों ने करीब चार घंटे बाद आग पर काबू पाया।

मऊआइमा वैरहन का सेबू बुधवार दोपहर तवंकलपुर में अयूब के खेत में गेहूं काट रहा था। यह खेत हासिम ने बटाई पर लिया था। करीब एक बजे अचानक गेहूं में आग लग गई। सेबू क्रेशर मशीन लेकर भाग भी नहीं सका और चारों ओर से आग की लपटों से घिर गया। वह मशीन छोड़कर जान बचाने को भाग निकला। उसकी मशीन जल गई।

आग हवा के झोंक के साथ तेजी से पूरे इलाके में फैलने लगी। आसपास पानी उपलब्ध न होने की दशा में ग्रामीण बेबश हो गए। रानीगंज से फायर ब्रिगेड कर्मी पहुंचे तो शाम को साढ़े चार बजे के बाद आग पर काबू पाया जा सका। शाम तक राखसुलगती रही। आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका। कुछ लोग बिजली की शॉर्ट-सर्किट तो कुछ सुलगती बीड़ी वजह बताते रहे।

## पांच अवैध तमंचे के साथ एक अभियुक्त को एसओजी व पुलिस ने किया गिरफ्तार

**मोहाना/सिद्धार्थनगर।** थाना मोहाना पुलिस व एसओजी टीम ने पांच अवैध तमंचे और एक अर्धनिर्मित तमंचा के साथ एक अभियुक्त को गोपीजोत से गिरफ्तार किया। थाना मोहाना क्षेत्र के ग्राम गोपीजोत में खेत में स्थित मड़ई में अवैध रूप से असलहा बनाने और बेचने की मुखबिर की सूचना पर पुलिस व एसओजी टीम ने छापेमारी की। छापेमारी के दौरान उक्त मड़ई में असगर अली उर्फ किनकिन निवासी गोपीजोत को 5 तमंचे व एक अर्धनिर्मित तमंचा और तमंचा बनाने मे उपयोगी अनेक उपकरणों के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस के अनुसार असगर अली उर्फ किनकिन अवेद्ध तमंचे बनाकर उसकी विक्री नेपाल राष्ट्र में ले जाकर अवैध रूप से करता था।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया जनसंपर्क भाजपा के पक्ष मे किया मतदान का आग्रह




**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**

**हापुड़।** जनपद हापुड़ गौशाला स्थित चुनाव कार्यालय से भाजपा कार्यकर्ता एक साथ जनता से वोट मांगने के लिए स्वर्ग आश्रम रोड पर निकले कार्यकताओं ने दुकान दुकान जाकर व्यापारियों से भाजपा के पक्ष में मतदान करने के लिए आग्रह किया व सरकार ने किस प्रकार देश के लिए कार्य किया है सर्व समाज के लिए कार्य किया है इन सभी विषयों को जनता के बीच में रखा इस अवसर पर विधायक विजयपाल आडती प्रफुल्ल सारस्वत संजय कृपाल कपिल एस एम श्यामेंद्र त्यागी मोहन सिंह डॉक्टर पायल गुप्ता अलका निम राहुल शर्मा सुनील वर्मा पवन गर्ग मुदित गोयल प्रशांत त्यागी गौरव शर्मा विनित दीवान योगेंद्र पंडित हितेश मोदी जगदीश प्रधान विनोद गुप्ता हितेश कश्यप सौदान सिंह शशांक गुप्ता व सुयश वशिष्ठ समेत अनेक कार्यकर्ता रहे।

## डीह बाबा का हुआ वार्षिक श्रृंगार व खेल का प्रदर्शन



**मिजार्मुराद(वाराणसी)।** गंजारी गांव में बुधवार को डीह बाबा का वार्षिक श्रृंगार हुआ।इस अवसर पर पारंपरिक जोडी-गदा व धुडदौड के खेल की प्रतियोगिता हुई।पहलवानों ने जहां दम-खम दिखाया वही घुड़सवारों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।बिरहा के संगीत का भी कार्यक्रम हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ राकेशधर दूबे व सुशील सिंह तोयज ने किया। अध्यक्षता नगर पंचायत गंगापुर के चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष सेठ व दिलीप सेठ तथा संचालन अवधेश मौर्या व राजातालाब तहसील बार के पूर्व महामंत्री प्रदीप सिंह ने किया।इस अवसर पर गोविंदा पहलवान, कुनाल पहलवान, दीना यादव, नवल राजभर, नत्थू पहलवान, हीरा पहलवान, अजीत राजभर, सबलू राजभर पनारू चौहान, विजय राजभर, संजय राजभर (सोनू), जयश्री यादव, बबलू राजभर समेत अन्य उपस्थित रहे।

## नशे में वहान चला रहे दो चालक गिरफ्तार

**बागेश्वर।** शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ पुलिस सख्त हो गई है। पुलिस ने नशे में वाहन चला रहे दो चालकों को गिरफ्तार किया है। साथ ही वाहनों को सीज कर दिया है। पुलिस ने सख्त लहजे में कहा कि नशे में वाहन चलाने वालों को कतई नहीं बख्सा जाएगा। बैजनाथ थाने के एसआई जीवन सिंह सामंत पुलिस टीम के साथ बैजनाथ बागेश्वर रोड, थाने गेट के पास वाहन संख्या यूके- 01-0733 को चेक किया। वाहन चालक कृष्ण कुमार पुत्र कुशल राम निवासी पूजाखेत थाना द्वाराहाट जनपद अल्मोड़ा शराब के नशे में वाहन चला रहा था। मेडिकल कराने पर नशे में होने की पुष्टि हुई। वाहन में चालक के अलावा तीनअन्य सवारियां भी बैठी थी। चालक के पास वाहन के कोई भी कागजात नहीं मिले। चालक कृष्ण कुमार को शराब के नशे मे वाहन चलाकर यात्रियों की जान जोखिम में डालने एवं बिना डीएल बिना कागजात के वाहन चलाने पर वाहन को सीज कर चालक को मौके पर गिरफतार किया।

# राष्ट्रीय सैनिक संस्था जिला इकाई ने तिरंगा पटका पहनाकर किया सम्मानित



**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**

**हापुड।** जनपद हापुड़ के तत्वाधान में पश्चिमी उत्तर प्रदेश की अध्यक्ष सुमन त्यागी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मण्डल ग्राम सबली पहुंचा जहां पर किसान ओमदत्त त्यागी के बेटे मनुप्रिया त्यागी को तिरंगा पटका पहनकर व सम्मान पत्र सम्मानित भेट कर सम्मानित किया।

मनुप्रिय ने यूपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण कर जनपद हापुड़ का नाम रोशन किया है मनुप्रिय त्यागी की यूपीएससी परीक्षा में 572वीं रैंक आई है।जिसके बाद क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई सम्मानित करने वालों में संस्था के प्रदेश प्रवक्ता व हापुड़ के जिला अध्यक्ष ज्ञानेन्द्र त्यागी जिला सचिव मुकेश प्रजापति जिला उपाध्यक्ष मुकेश त्यागी युवा कमांड के जिला अध्यक्ष तरुण ध्यानी महिला ब्रिगेड की जिला उपाध्यक्ष नताशा त्यागी जिला सचिव प्राची खुल्लर रामनिवास बालिका इंटर कालेज के प्रबंधक हरिराज सिंह,गायत्री परिवार के सुधीर त्यागी भाकियू अराजनैतिक के राधेलाल त्यागी त्यागी समाज के निखिल त्यागी अहाते मौजूद रहे।

# अलीगढ़ में पीएम नरेंद्र मोदी की जनसभा

## जिलाध्यक्ष शरद माहेश्वरी ने तैयारियों की व्यवस्था बैठक में सहभागिता की




**वेलकम इंडिया**

**हाथरस।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष शरद माहेश्वरी ने गुरुवार को अलीगढ़ पंहुचे, यंहा पर पीएम नरेंद्र मोदी 22 अप्रैल को अलीगढ़ आ रहे हैं। अलीगढ़ में नुमाइश मैदान में आयोजित होने वाली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी की जनसभा की तैयारियों को लेकर जिलाध्यक्ष शरद माहेश्वरी ने अलीगढ़ में आयोजित व्यवस्था बैठक में सहभागिता कर प्रदेश उपाध्यक्ष, क्षेत्रीय प्रभारी-एमएलसी संतोष सिंह एवं रैली प्रभारी धर्मेन्द्र सिंह का मार्गदर्शन प्राप्त किया।

पीएम मोदी की जनसभा नुमाइश मैदान में होगी। लोकसभा चुनाव प्रचार के लिए पीएम नरेंद्र मोदी की रैली अलीगढ़ में 22 अप्रैल को होना तय हुआ है।इसके लिए भाजपा दल ने पहले से नुमाइश मैदान में आवेदन कर रखा था। प्रशासन ने पीएम की रैली की तारीख तय कर दी है। जिलाध्यक्ष शरद माहेश्वरी का कहना है कि उनके नेता की रैली नुमाइश मैदान में होगी। इसके लिए पहले से ही आवेदन कर रखा है। पीएम के साथ में रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी व यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी रैली में शामिल होंगे। संगठन के लोगों को जिम्मेदारियां दी जा रही हैं। एक लाख से अधिक की भीड़ रैली में जुटाने का लक्ष्य रखा गया है।

# दो अवैध तंमचा व तीन जिंदा कारतूस के संग दो गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया**



**हाथरस।** जिले के सादाबाद पुलिस और मुरसान पुलिस ने अलग-अलग जगह से दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है।इन दोनों के कब्जे से दो अवैध तमंचे व तीन जिंदा कारतूस बरामद हुए है।पुलिस ने इनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। बताया जा रहा है कि पुलिस अधीक्षक निपुण अग्रवाल के आदेशानुसार चलाये जा रहे संदिग्ध व्यक्ति-वाहन चेकिंग अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक हाथरस के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी सादाबाद के कुशल नेतृत्व में थाना सादाबाद पुलिस ने कार्यवाही करते हुए अभियुक्त राजेश कुमार पुत्र चन्द्रपाल सिंह निवासी ग्राम ऊँचागॉव थाना सादाबाद को गिरफ्तार किया ।जिसके कब्जे से एक अवैध तमंचा व एक जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुए है ।गिरफ्तार अभियुक्त राजेश कुमार के विरुद्ध जनपद हाथरस में चोरी, मारपीट के अभियोग पंजीकृत है ।जो पूर्व मे जेल भी जा चुका है । इसी क्रम में थाना मुरसान पुलिस ने कार्यवाही करते हुए अभियुक्त सोना जाट उर्फ जगदीश पुत्र लाखन सिंह निवासी ग्राम गदाई थाना मुरसान को गिरफ्तार किया गया है ।जिसके कब्जे से एक अवैध तमंचा व दो जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुए है । अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना मुरसान पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है ।

# पुलिस कमिश्नर ने किया थाने का औचक निरीक्षण



**वेलकम इंडिया/चीफ मयूर खान**

**आगरा।** फतेहपुर सीकरी पुलिस कमिश्नर आगरा जे रविंद्र गौड ने बुधवार दोपहर थाना फतेहपुर सीकरी का अचानक से औचक निरीक्षण किया जहां उन्होंने महिला हेल्प डेस्क,कंप्यूटर और साइबर सेल ,ई मलखाना ,पुलिसकर्मी आवास, महिला पुरुष बंदी गृह और भी रजिस्टर पर आने वाली शिकायतों को बारीकी से देखा ।पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड महिला हेल्प डेस्क व कंप्यूटर साइबर सेल से संतुष्ट नजर आए । पत्रकार वार्ता के दौरान उन्होंने बताया कि आज रामनवमी छुट्टी का दिन था तो अचानक से सीकरी थाने पर आना हुआ और आवास समेत परिसर को देखा ।

सीपी ने आगामी लोकसभा चुनाव हेतु सीकरी चोमा राजस्थान सीमा बॉर्डर पर बैरियर लगाकर नियत सख्ती चेकिंग के निर्देश दिए साथ ही चुनाव संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश दिए ग्रामिण जनता को कोई परेशानी ना हो इस पर ध्यान रखने के भी निर्देश दिए, पुलिस आयुक्त ने सीकरी थाने के अंतर्गत अपराध व शांति व्यवस्था के बारे में भी जानकारी ली इस दौरान उनके साथ पुलिस उपायुक्त सोनम कुमार, एसीपी पूनम सिरोही ,थाना प्रभारी धर्मेंद्र दहिया विशेष रूप से मौजूद रहे ।

## अवैध कच्ची शराब समेत तीन लोगों को पुलिस टीम ने धर दबोचा

**बुलंदशहर।** अहार पुलिस टीम ने लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण और निष्पक्ष कराए जाने हेतु अपराधी प्रवृत्ति के व्यक्तियों के खिलाफ अभियान के दौरान तीन युवकों को अलग अलग गांवों में मुखबिर के माध्यम से अवैध कच्ची शराब समेत घेराबंदी कर धर दबोचा। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश पर जिले में अभियान चलाया जा रहा है।इसी अभियान के अन्तर्गत अहार थाना पुलिस ने अभियान चलाया है। तीन अलग-अलग गांवों में मुखबिर की सूचना पर अवैध कच्ची शराब समेत तीन लोगों को पुलिस टीम ने धर दबोचा और उनके कब्जे से शराब और नगदी बरामद की है। थाना प्रभारी निरीक्षक संजेश कुमार ने कहा कि अपराधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से अभियान चलाया जा रहा है।

# सड़क निर्माण कार्य में अवरुद्ध पैदा करने का आरोप

## सड़क निर्माण कार्य में अवरुद्ध पैदा कर रहे आरोपियों के विरुद्ध जिलाधिकारी को पत्र भेज कर की कार्रवाई की मांग





वेलकम इंडिया

**कांधला। (मोहसीन रहमानी)** कस्बे के मोहल्ला रायजादगान में डूडा विभाग के द्वारा बनाई जा रही सड़क पर कई लोगों के द्वारा निर्माण कार्य में रुकावट पैदा करने का आरोप लगाकर मोहल्ला वासियों ने जिलाधिकारी को शिकायत कर कार्रवाई की मांग की हैं, मोहल्ले के लोगों ने चेतावनी दी है कि अगर निर्माण कार्य में रुकावट पैदा की गई तो जिलाधिकारी कार्यालय पर पहुंचकर प्रदर्शन किया जाएगा। कस्बे के मोहल्ला रायजादगान निवासी शाहाबाज राणा, फिरोज, आजम, नदीम, आशु, हनीफ, जाहिद ताहिर पहलवान नावेद फैज, इस्लाम, नवाब, आदि लोगों ने मोहल्ले में बैठक कर प्रदर्शन किया। मोहल्ले के लोगों का आरोप है कि डूडा विभाग के द्वारा मोहल्ले में आरसीसी नाली, व इंटरलॉकिंग सड़क का निर्माण कार्य चल रहा है। निर्माण कार्य में कई लोग अवरुद्ध पैदा कर सड़क निर्माण कर रही लेबर के साथ अभद्रता करते हुए उन्हें डराते धमकाते हैं। जबकि सड़क निर्माण कार्य में किसी तरह की कोई भी खामियां नहीं है और सड़क निर्माण कार्य मानक के अनुरूप हो रहा है। लोगों का आरोप है कि कई दिन पूर्व कई लोगों ने मिलकर लेबर को डरा धमकाकर निर्माण कार्य रुकवा दिया था। बुधवार को मोहल्ले के ही हनीफ की आवास पर बैठक का आयोजन किया और जिलाधिकारी शामली रविंद्र सिंह को एक पत्र भेजा। मोहल्ले के लोगों का कहना है कि अगर सड़क निर्माण कार्य में रुकावट पैदा की गई तो मोहल्ले के लोग आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। इस दौरान सभी लोगों ने जिलाधिकारी शामली को पत्र भेजकर सड़क निर्माण कार्य में अवरुद्ध पैदा कर रहे कई लोगों के विरुद्ध पत्र भेज कर कार्रवाई की मांग की है।

# समाज के अन्य लोगो से एवं सामाजिक संस्थाओ के द्वारा दिव्यांग बच्चो के प्रति सहयोग की अपेक्षा रखते है

**प्रयागराज।** प्रयागराज नैनी में नवरात्री के नवमी के दिन जन चेतना संस्थान (दिव्यांग विद्यालय) नैनी प्रयागराज में श्री मती स्वाती कुशवाहा प्रधानाचार्य जमुना देवी इंटर कालेज जौनपुर, श्री सत्य प्रकाश कुशवाहा अध्यक्ष रोटरेक्ट क्लब सी०एम० पी० डिग्री कालेज प्रयागराज, कुमारी जोया नफीस सचिव रोटरेक्ट क्लब सी०एम० पी० डिग्री कालेज प्रयागराज एवं श्री दीपक राजपूत अध्यक्ष रोटी बैंक प्रयागराज के द्वारा इस संस्थान के दिव्यांग बच्चो को कापी, पेन्सिल, खिलौने एवं खाने-पीने की सामाग्री प्रदान किये इस मौके पर संस्थान के प्रशासनिक अधिकारी श्री वागीश मिश्र ने दिव्यांग बच्चो के प्रति स्नेह प्रेम एवं सहयोग के प्रति आभर व्यक्त किया और कहा कि हम समाज के अन्य लोगो से एवं सामाजिक संस्थाओ के द्वारा दिव्यांग बच्चो के प्रति सहयोग की अपेक्षा रखते है।

# प्रचार के आखिरी दिन भाजपा ने रोड़ शो में किया शक्ति प्रदर्शन

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा



**भारी भीड़ जुटा आकांक्षा चौहान ने दिखाया जलवा**

**नूरपुर।** प्रथम चरण में नगीना लोकसभा सीट पर 19 अप्रैल को होने वाले चुनाव का प्रचार बुधवार की शाम पांच बजे थम गया। प्रचार के आखिरी दिन भाजपा प्रत्याशी ने रोड शो निकालकर शक्ति प्रदर्शन किया। रोड़ शो में क्षेत्र की लोकप्रिय ब्लाक प्रमुख आकांक्षा चौहान का भारी भीड के साथ अलग जलवा दिखाई दिया।

भाजपा प्रत्याशी ओमकुमार का रोड़ शो नजीबाबाद से शुरू होकर दोपहर एक बजे नूरपुर में धामपुर तिराहा स्थित शहीद पार्क पर पहुंचा। वहां एकत्रित भाजपाइयों ने रोड़ शो का ढोलबाजे और फूलों की वर्षाकर स्वागत किया। इसके उपरांत रोड शो शहीद पार्क से शहीद स्मारक स्थल, बुध बाजार, शिवमंदिर चौक, रोडवेज होते हुए चांदपुर तिराहा पर शहीद परवीन सिंह प्रतिमा स्थल पहुंचकर सम्पन्न हुआ।

रोड़ शो में ब्लाक प्रमुख आकांक्षा चौहान का महिला पुरुषों की भारी भीड़ के साथ अलग जलवा दिखाई दिया।

रोड़ शो में पालिकाध्यक्ष डा.एम पी सिंह, पूर्व चेयरमैन उमेश कर्णवाल, रालोद के क्षेत्रीय महासचिन रणवीर चौधरी, अजयवीर चौधरी, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जूगनू चौधरी, विधानसभा संयोजक पुष्पेन्द्र शेखावत, नगराध्यक्ष निशांत कर्णवाल, हरभजन सिंह सहित बड़ी संख्या में भाजपाई शामिल रहे।

# किसान के नलकूप की दीवार तोड़ कर चोरी ,15 दिन में दूसरी वारदात

वेलकम इंडिया



**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत निवासी एक किसान के नलकूप पर चोरों ने धावा बोलते हुए नलकूप से हजारों रुपए के उपकरण चोरी कर लिए, पीड़ित किसान का आरोप है की 15 दिन में दूसरी बार उसकी ट्यूबवेल पर चोरी की घटना हुई है। पीड़ित ने पुलिस से शिकायतकर कार्रवाई की मांग की है, पुलिस चोरों की तलाश में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत निवासी किसान इलियास ने बताया कि उसके खेत गंगेरू मार्ग स्थित रजवाहे के निकट है।

आरोप हैं कि बुधवार की दोपहर को वह अपने खेत पर गया तो उसके नलकूप की दीवार तोड़कर चोरों ने स्टार्टर ,केबल सहित आदि हजारों रुपए के उपकरण चोरी कर लिए। पीड़ित किसान का आरोप है 15 दिन में उसके नलकूप पर दूसरी बार चोरी की वारदात हुई है। पीड़ित ने पुलिस से शिकायतकर कार्रवाई की मांग की हैं,पुलिस चोरों की तलाश में जुटी हुई है।

गौरतलब लगभग 20 दिन पूर्व थाना क्षेत्र के गांव इस्लामपुर घसौली के भी कई किसानों के खेतों पर बने नलकूप पर चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस चोरों को पकड़ने में नाकाम साबित हो रही है।

# लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण सम्पन्न करने में सुरक्षा बलों की महत्वपूर्ण भूमिका:अनुराधा पाल

**बागेश्वर।** जिले की दोनों विधानसभाओं में कुल 381 पोलिंग बूथों की सुरक्षा व्यवस्था और शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित मतदान सम्पन्न कराने के लिए तैनात पुलिस, पैरामिलिट्री फोर्स, वनकर्मी, होमगार्ड,पीआरडी आदि सुरक्षा कर्मियों को जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराधा पाल एवं एसपी अक्षय कोंडे ने संयुक्त रूप से बुधवार को बीडी पांडेय डिग्री कालेज प्रेक्षागृह में चुनाव प्रक्रिया के अंतिम दौर पर ब्रीफ करते हुए लोक सभा चुनाव को स्वतंत्र,निष्पक्ष,निर्विघ्न और पारदर्शिता से सम्पन्न कराने के निर्देश दिए।लोक सभा चुनाव में तैनात सुरक्षा बलों को सम्बोधित करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराधा पाल ने कहा कि जोनल सेक्टर मजिस्ट्रेट व जोनल सेक्टर पुलिस अधिकारी आपसी समन्वय एवं सुझ-बूझ व शांतिपूर्वक निष्पक्ष मतदान समय से सम्पन्न कराना सुनिश्चित करेगे।

# मनरेगा में नही थम रहा भ्रष्टाचार , जिम्मेदार खमोश

वेलकम इण्डिया/ असदुल्लाह सिद्दीकी



**बर्डपुर/सिद्धार्थनगर।** विकास खण्ड बर्डपुर के कई ग्राम पंचायत में मनरेगा में भ्रष्टाचार के मामले की खबर लगातार प्रकाशित होने के बावजूद भी भ्रष्टाचार पर लगाम नहीं लग पा रहा है। ग्रामीणों का मानना है कि ग्राम पंचायत में विकास कार्यों में बढ़ावा देने एवं भ्रष्टाचार को रोकने के लिए जिन्हें जिम्मेदारी दी गयीं है, वही भ्रष्टाचार में संलिप्त नजर आते हैं। ऐसा ही मामला ग्राम पंचायत बरगदी से आया है, जहां पर श्रमिकों की जगह जेसीबी मशीन से कार्य कराने का मामला प्रकाश में आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बरगदी गांव के पश्चिम मुर्दहिया गड्ढे की खुदाई मजदूरों की जगह जेसीबी मशीन से किया गया है, जिसके निशान साफ तौर देखे जा सकते है।

खुदाई कार्य में 4 अप्रैल से 16 अप्रैल तक प्रतिदिन मजदूरों की हाजरी लगायीं गयीं, जिसमें 6 अप्रैल को कार्य शून्य रहा। जिसमें चार लाख सातवन हजार चार सौ दस रुपये (457410/-) का गोलमाल बताया जा रहा है। इतने बड़े पैमाने पर गोलमाल करना कहीं ना कहीं जिम्मेदारों पर सवालिया निशान खड़ा करता है। वहीं जानकारों की माने तो ग्राम पंचायत के कार्य को ग्राम प्रधान द्वारा कमीशन लेकर अपने चहेतों को सौंप दिया जाता है। जिसमें मजदूरों को काम पर न लगाकर मशीन से कार्य कराया हैं। वहीं अपने करीबी लोगों का जाब कार्ड लगाकर मास्टर रोल भर दिया जाता है। इसके पश्चात इन करीबियों के खाते में मनरेगा का पैसा आने के बाद उन्हें चहेतों द्वारा पैसा निकलवा कर कुछ रुपये देकर बाकी वापस ले लिया जाता है।

# अवैध तंमचा फैक्ट्री का भंडाफोड़,भारी मात्रा में तंमचे व उपकरण बरामद



वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा

**हापुड़।** जनपद के थाना हाफिजपुर पुलिस ने चैकिंग अभियान के दौरान लोकसभा चुनाव से एक तंमचा फैक्ट्री का भंडाफोड़ कर आन डिमांड तमंचे सप्लाई करने वाले एक अन्तर्राज्जीय हिस्ट्रीशीटर तस्कर को गिरफ्तार कर भारी मात्रा में हथियार व उपकरण बरामद किए।थाना प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार गुप्ता ने बताया कि क्षेत्र में चैकिंग के दौरान एक तंमचा फैक्ट्री का भंडाफोड़ कर पुलिस ने एक अन्तर्राज्जीय हिस्ट्रीशीटर तस्कर हाफिजपुर के गांव नान निवासी मैनपाल उर्फ अतुल को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से 14 अवैध तमंचे,अधबने तमंचे व भारी मात्रा में उपकरण बरामद किए।थाना प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार गुप्ता ने बताया कि गिरफ्तार बदमाश थाना हाफिजपुर का हिस्ट्रीशीटर है जिसके विरुद्ध जनपद हापुड़, मेरठ, बुलन्दशहर, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर व दिल्ली में हत्या, चोरी, लूट, डकैती आदि संगीन अपराधों के करीब 03 दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं।

## लापता किशोरी को पुलिस ने किया बरामद

**कांधला।** थाना क्षेत्र के एक गांव से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुई किशोरी को पुलिस ने सकुशल बरामद कर लिया हैं, पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के एक गांव से दो दिन पूर्व एक किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में घर से लापता हो गई थी। परिजनों ने गांव के ही एक युवक पर उनकी नाबालिक पुत्री को बहला फुसला कर भाग ले जाने का आरोप लगाकर अभियोग दर्ज कराया था। पुलिस ने अभियोग दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी थी। बुधवार को पुलिस ने किशोरी को क्षेत्र के दिल्ली रोड से सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस ने किशोरी को बरामद कर परिजनों को सूचना दे दी है। पुलिस ने किशोरी को बरामदकर आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

## लाखों की आबादी के लिए जनपद व तहसील मुख्यालय आने जाने के लिए नहीं है कोई सुविधा

**संतकबीरनगर।** विकास खण्ड सेमरियावां क्षेत्र के गांवों को जनपद व तहसील मुख्यालय आवागमन की सुविधा दशकों बीत जाने के बाद भी नसीब नहीं हो पा रही हैं। इसके अभाव में क्षेत्रवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। मामले में विभागीय जिम्मेदार एवं जनप्रतिनिधि अनजान बने हुए हैं। सेमरियावां ब्लाक में 113 ग्राम पंचायतें हैं लाखों की आबादी जनपद सृजन के वर्षों बीत जाने के बाद भी आवागमन की सुविधा से आज भी वंचित है। जबकि प्रतिदिन काफी संख्या में क्षेत्रवासी जनपद व तहसील मुख्यालय आते जाते हैं आवागमन सुविधा के नाम पर दानूकुइयां से मात्र एक सरकारी बस व क्षेत्र से दो निजी बसें चलती हैं इतनी बड़ी आबादी के लिए यह ऊंट के मुंह में जीरा के समान हैं। क्षेत्रवासियों को जनपद व तहसील मुख्यालय जाने के लिए समय व धन दोनों की बबादी झेलनी पड़ती है।

# विजेता एवं उपविजेता टीमों के साथ खिलाड़ी

वेलकम इंडिया





**वाराणसी।** लहरतारा वाराणसी स्थित पूर्वोत्तर रेलवे स्टेडियम के मैदान में आयोजित पूर्वांचल कप क्रिकेट प्रतियोगिता जो कि सुप्रस इलेक्ट्रॉनिक्स वाराणसी द्वारा प्रायोजित था में बुधवार को पहला मैच जय क्रिकेट अकादमी बनाम पूर्वांचल क्रिकेट क्लब के बीच हुआ जिसमें टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए जय क्रिकेट अकादमी ने निर्धारित 15 ओवरों में 9 विकेट के नुकसान पर 151रन बनाए जिसमें नमन ने 40 रन ,अंश ने 34 रन एवं अमन ने 25 रन बनाए, पूर्वांचल क्रिकेट क्लब से गेंदबाजी करते हुए विवान चौरसिया ने तीन विकेट एवं रीतू सागर ने 2 विकेट एवं विपुल और हरि ओम ने एक एक विकेट लिए, जवाब में लक्ष्य का पीछा करते हुए पूर्वांचल क्रिकेट क्लब निर्धारित ओवरों में 5 विकेट खोकर 111 रन ही बना पाए। जय क्रिकेट अकादमी से गेंदबाजी करते हुए अभिषेक, आलोक एवं अंकित ने एक एक विकेट लिया।

दिन का दूसरा मैच कालीचरण क्रिकेट अकादमी बनाम पूर्वांचल क्रिकेट क्लब के बीच हुआ जिसमें टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए कालीचरण क्रिकेट अकादमी ने निर्धारित 15 ओवरों में दो विकेट के नुकसान पर 131 रन बनाए जिसमें अभय ने 32 रन एवं अमन ने 23 रन एवं आदित्य ने 32 रन बनाए, पूर्वांचल क्रिकेट क्लब से गेंदबाजी करते हुए विवान ने दो विकेट लिए एवं हरि ओम ने एक विकेट लिया, जवाब में लक्ष्य का पीछा करते हुए पूर्वांचल क्रिकेट क्लब ने निर्धारित 15 ओवरों में निर्धारित 15 ओवरों में 9 विकेट खोकर 114 रन ही बना पाए जिसमें विवान चौरसिया ने 38 रन बनाए, कालीचरण क्रिकेट अकादमी से गेंदबाजी करते हुए दिव्य ने तीन विकेट लिए पी के ने दो विकेट एवं आदित्य ने एक विकेट लिया। मैच के उपरांत आयोजित भव्य पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि श्री सोमनाथ मौर्य जी महानगर अध्यक्ष पिछड़ी जाति ने एवं श्री प्रदीप सिंह जी अधिष्ठाता सुप्रस इलेक्ट्रॉनिक्स वाराणसी ने विजेता एवं उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों को विजेता एवं उपविजेता ट्रॉफी के साथ व्यक्तिगत पुरस्कारो से सम्मानित किया, उक्त पुरस्कार वितरण समारोह में 100 से ऊपर पुरस्कार अतिथि गण द्वारा वितरित किया गया।

# पुलिस ने नगर में किया फ्लैग मार्च



वेलकम इंडिया

**बागेश्वर।** लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर एसपी अक्षय प्रहलाद कोण्डे के निर्देशन व पुलिस उपाधीक्षक अंकित कंडारी के नेतृत्व में पुलिस व अर्द्धसैनिक बल के जवानों द्वारा कोतवाली क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया गया।

इस दौरान संयुक्त टीम द्वारा आमजनमानस को लोकसभा निर्वाचन को शान्तिपूर्वक सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु आदर्श आचार संहिता व धारा-144 सीआरपीसी का पालन करने, कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने, शान्तिपूर्वक चुनाव कराये जाने में पुलिस एवं प्रशासन का सहयोग करने, भय मुक्त व बिना किसी प्रलोभन में आये मतदान करने तथा अवैध शराब/मादक पदार्थों के वितरण सम्बन्धी व अन्य प्रकार की महत्वपूर्ण सूचना की जानकारी तत्काल स्थानीय मजिस्ट्रेट व पुलिस को देने हेतु की अपील की गई।वही पुलिस द्वारा मतदान केन्द्रों के आस- पास होने वाली गतिविधियों पर लगातार कड़ी निगरानी रखी जा रही है तथा मतदान में अराजकता का माहौल उत्पन्न करने वाले लोगों को चिन्हित कर किसी भी प्रकार से अराजकता करने पर कड़ी कार्यवाही की चेतावनी दी गई।

# हाईटेंशन लाइन का तार टूटने से सात बीघा फसल जलकर हुई खाक

वेलकम इंडिया /हरेन्द्र शर्मा



**हापुड़।** जनपद के हाफिजपुर थाना क्षेत्र में उबारपुर व नवादा के जंगलों से गुजर रही हाईटेंशन लाइन का मंगलवार दोपहर तार टूट कर गन्ने की फसल में गिर गया। जिससे गन्ने की फसल में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। जिससे आग की चपेट में पास के खेत मे खड़ी गेहूं की फसल भी आ गई। आग की सूचना पर ग्रामीणों में भगदड़ मच गई। दोनों गांव के ग्रामीण घटनास्थल की और दौड़ पड़े। आनन फानन में दमकल व पुलिस को आग की जानकारी दी गई।

मौके पर पहुंची पुलिस व दमकल ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक किसानों के खेतों में खड़ी फसल जलकर राख हो गई। सूचना पर दमकल विभाग की टीम थाना हाफिजपुर प्रभारी विजय गुप्ता मौके पर पहुंचे और आग को बुझाने में जुट गए। जब तक आग पर काबू पाया तब तक कई बीघा फसल जल कर राख हो गई जिससे किसान को आर्थिक चोट पहुंची है। दमकल अधिकारी ने बताया कि किसान अभिजीत पुत्र बृजपाल सिंह और सुधीर पुत्र हरपाल सिंह निवासी गांव नवादा के गन्ने की फसल में तार टूटने के कारण आग लग गई। जिससे गन्ने की 2 बीघा व गेहूं की 5 बीघा फसल जलकर राख हो गई।

दमकल विभाग ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर समय रहते काबू पाया अन्यथा आग की चपेट में और भी फसल आ सकती थी। आग पर पूर्णतया काबू पा लिया गया है।

# कांधला में धूमधाम से निकाली रामनवमी की शोभा यात्रा





वेलकम इंडिया

**कांधला। (मोहसीन रहमानी)** नगर में रामनवमी के उपलक्ष में भव्य शोभा यात्रा धूमधाम के साथ निकाली गई। कई स्थानों पर शोभा यात्रा भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

नगर की श्री रामलीला कमैटी मड़प पंचवटी के तत्वधान में प्रति वर्ष की तरह चैत मास रामनवमी के उपलक्ष में भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। बुधवार की शाम भाजपा एमएलसी चौधरी विरेन्द्र सिंह के द्वारा फिता काटकर शोभा यात्रा का उद्धघाटन कर शुंभारंभ किया गया। श्रीरामचन्द्र की जय घोष उत्साह के साथ शोभा यात्रा कैराना मार्ग कांधला पर निकली। शोभा यात्रा में भगवान श्री गणेश, माता दुर्गा, कौशल्या श्री हरि विष्णु, रामजन्म कौशल्या, भगवान परशुराम की सुन्दर झांकी के साथ राम लला का विमान शामिल रहा। शोभा यात्रा नगर के कैराना कांधला मार्ग, पुराना पीएनबी शाखा जैन मन्दिर, जैन स्थानक, मैन बाजार, जामा मस्जिद, कानूनगोयान, मौहल्ला रायजादगान से होती हुई लक्ष्मी नारायण मन्दिर पर आकर देर रात सम्पन्न हुई।

शोभा यात्रा में शामिल बैण्ड बाजो और डीजे ने श्रीराम के भजनों का गुणगान करते हुए श्रद्धालुओं को बरसात के बीच भी झूमने पर विवश कर दिया। इस दौरान रामलीला कमेटी अध्यक्ष रोहित गुप्ता, मेहरचंद सिंघल, मनोज गोयल, राजेन्द्र आचार्य, श्याम कुमार सिंघल, ललित शर्मा, अशोक महेश्वरी, जोनी शर्मा, शिवम गोयल, प्रमोद शर्मा, विशाल शर्मा सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## रालोद भाजपा गठबंधन के

# प्रत्याशी डॉ राजकुमार सांगवान को शहर व ग्रामीण क्षेत्र में मिल रहा है भारी समर्थन : ललित त्यागी

**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ )।** नगर पालिका परिषद के सभासद भाजपा युवा मोर्चा के जिला महामंत्री एवं सहप्रभारी मोदीनगर देहात मंडल एडवोकेट ललित त्यागी ने कहा कि बागपत मोदीनगर लोकसभा क्षेत्र से रालोद भाजपा गठबंधन के प्रत्याशी डॉ राजकुमार सांगवान को शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र में भारी समर्थन मिल रहा है। डॉ राजकुमार सांगवान रिकॉर्ड मतों से विजय होंगे और एनडीए गठबंधन 400 से अधिक सीटों पर जीत हासिल करेगा।



सभासद ललित त्यागी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी जी के कार्यकाल में जितने जन कल्याणकारी एवं विकास के कार्य हुए हैं उसका जनता को इसका भरपूर लाभ मिला है जनता मोदी योगी के नाम पर वोट डालने जा रही है। उन्होंने बताया कि गठबंधन के प्रत्याशी डॉ राजकुमार सांगवान ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व जयंत चौधरी के आशीर्वाद से तथा जनता के सहयोग से क्षेत्र के विकास में कोई कसर बाकी नहीं नहीं छोड़ेंगे । सभासद ललित त्यागी ने बताया कि गठबंधन के प्रत्याशी डॉ राजकुमार सांगवान को मोदीनगर विधानसभा क्षेत्र में ही नहीं बल्कि संपूर्ण लोकसभा क्षेत्र में भारी समर्थन मिल रहा है।

क्षेत्र की जनता मोदी जी और योगी जी के द्वारा देश व प्रदेश में जो अद्भुत कार्य किए हैं। उन्हें देश व प्रदेश की जनता याद रखेगी। इसलिए जनता मोदी जी और योगी जी के साथ है। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि मोदीनगर पालिका क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड में गठबंधन के प्रत्याशी को ऐतिहासिक वोट दिलाने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि सड़क पानी बिजली सफाई स्वास्थ्य आदि सभी समस्याएं भाजपा के शासनकाल में दूर हुई है। जनता इस बात को महसूस कर रही है। उन्होंने क्षेत्र वासियों से अपील की कि राष्ट्र हित को देखते हुए वह अपना वोट गठबंधन के प्रत्याशी डॉ राजकुमार सागवान के चुनाव निशान हैंड पंप को दें ताकि मोदी जी की सरकार तीसरी बार देश में स्थापित हो और देश के विकास के कार्य मजबूती के साथ आगे बढ़ सके।

## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोप

**गाजियाबाद।** मसूरी थानाक्षेत्र में शादी का झांसा देकर युवती का यौन शोषण करने का मामला सामने आया है। आरोपी द्वारा शादी से इनकार करने पर युवती ने मसूरी थाने में शिकायत दी। पुलिस का कहना है कि आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म और धमकी का केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई की जा रही है। थानाक्षेत्र के गांव में रहने वाली 19 वर्षीय युवती का कहना है कि तीन साल पहले सहेली के जीजा के साथ उसकी मुलाकात थाना खरखौदा, जिला मेरठ के गांव फंफूड़ा निवासी आकाश से हुआ थी। मुलाकात का सिलसिला बातचीत में बदला और फिर मुलाकात शुरू हो गई। युवती का कहना है कि आकाश ने युवती के सामने शादी का प्रस्ताव रखा और युवती को एक-दो बार अपने घर भी ले गया। आरोप है कि 21 मार्च को आकाश युवती के घर आया और शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए।

# अष्टमी व नवमी तिथियों में जगह-जगह भंडारे आयोजित किए गए

**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ )।** चैत्र मास की नवमी तिथि पर आज बुधवार को भी ग्राम सीकरी खुर्द स्थित विख्यात पौराणिक महामाया देवी मंदिर में भारी तादाद में श्रद्धालु दर्शनार्थियों ने मां दुर्गा के दर्शन किए। माथा टेका और प्रसाद चढ़ाकर नाना प्रकार की मनौतियां मांगी। महामाया देवी मंदिर के महंत पं0 देवेंद्र कुमार के अनुसार देवी नवरात्रों की सप्तमी, अष्टमी व नवमी तिथियों में अनुमानत 3-4 लाख श्रद्धालु दर्शनार्थियों ने प्रसाद चढ़ाया। ये श्रद्धालु दूर दराज क्षेत्रों से आए थे। ग्रामीण संस्कृति पर आधारित यह ग्रामीण मेला दिनरात 24 घंटे निरंतर चला। जगह-जगह लगे भंडारे- अष्टमी व नवमी तिथियों में मंगल व बुधवार को यहां जगह-जगह भंडारे



आयोजित किए गए। श्री जगन्नाथ प्रसाद, रामकटोरी देवी धर्मार्थ ट्रस्ट के सौजन्य से यहां मेरठ-दिल्ली मार्ग पर राधिका क्लैक्शन के निकट भंडारे का आयोजन किया गया। प्रदेश के पूर्व राज्यमंत्री रामकिशोर अग्रवाल, डा0 आशाराम गुप्ता, डा0 अनुज अग्रवाल, राकेश शर्मा, प्रमोद गोयल, अनिल वशिष्ट, डा0 पवन सिंघल, अरविंद्र अग्रवाल, अशोक माहेश्वरी सहित सैकड़ों श्रद्धालु ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में मूल चंद गर्ग, सुधा गर्ग, वैशाली आदि का सहयोग रहा। उधर यहां कस्बा रोड पर गणपति ट्रेडर्स के निकट किशनलाल शर्मा के सौजन्य से आयोजित भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

## संक्षिप्त समाचार

### योगी की 19 को होने वाली जनसभा की व्यवस्थाओं का पुलिस अधिकारियों ने लिया जायजा

**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ )।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की 19 को यहां डा0 केएन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कालेज में होने वाली प्रस्तावित जनसभा की समूचि व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए पुलिस अधिकारी यहां पहुंचे और अधीनस्थों को आवश्यक निर्देश दिए। गाजियाबाद पुलिस आयुक्त अजय मिश्रा, डीसीपी ग्रामीण जोन विवेक चंद यादव, एडिशनल पुलिस कमीश्नर दिनेश कुमार पी., मोदीनगर के एसीपी ज्ञानप्रकाश राय सहित अन्य कई पुलिस अधिकारियों ने सर्वप्रथम जनसभा स्थल मोदी इंटर कालेज के मैदान का बारीकी से निरीक्षण किया। प्रवेश व निकासी को लेकर परस्पर चर्चा व मंथन हुआ। तदनत्तर वे मुल्तानी मल मोदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के मैदान पर पहुंचे जहां योगी जी के हैलीकाप्टर से उतरने के लिए हैलीपेड तैयार किया जा रहा है। जानकार सूत्रों के अनुसार योगी जी 19 अप्रैल शुक्रवार को दोपहर लगभग 1:45 बजे मोदी कालेज में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री की जनसभा में सुरक्षा में जरा भी चूक न हो पाए इसके लिए पुलिस अधिकारी पूर्णतः सर्तक हैं तथा अपने अधीनस्थों से बराबर संपर्क साधे हुए हैं।

### इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी पंडित अमरपाल शर्मा के लिए कार्यकताओं ने मांगे वोट



**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ )।** बागपत लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन प्रत्याशी पंडित अमरपाल शर्मा के लिए कार्यकताओं ने जगतपुरी में बैठक कर वोट मांगे । समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष एवं विधानसभा क्षेत्र प्रभारी पंडित सत्येंद्र शर्मा मनजीत नेहरा जय भगवान जीनवाल राहुल कलछीना बॉबी यादव गुंजन नागेंद्र भारद्वाज द्वारा चर्चा की। पंडित सत्येंद्र शर्मा ने कहा कि गठबंधन प्रत्याशी एक जुझारू योग्य विकास पुरुष है हमको वोट देकर आप चाहुमुखी विकास करेंगे।मीटिंग का संचालन सतीश कश्यप न किया इस मौके पर गुंजन, केपी सिंह, रविंद्र ,मोनू गर्ग, दिनेश प्रधान, पप्पू ,दीपक शर्मा, सोनू ,मनोज राजेंद्र जीतपाल आदि सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

### निर्वाचन अधिकारी ने किया स्ट्रांग रूम का स्थलीय निरीक्षण

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** लोकसभा चुनाव में बनाए गए मतगणना स्थल का जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को स्ट्रांग रूम की व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

कहा कि स्ट्रांग रूम पर पैनी नजर रखने के लिए पर्याप्त सीसीटीवी लगाकर उसका कंट्रोल रूम स्थापित करें। लोक सभा गाजियाबाद-12 के जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने बुधवार को द्वितीय चरण 26 अप्रैल को होने वाले मतदान दिवस के पश्चात ईवीएम रखने के लिए बने स्ट्रांग रूम, अनाज मंडी, गोविन्दपुरम का निरीक्षण किया। इस मौके पर जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने ईवीएम के रखरखाव, सुरक्षा, सुविधा, रखने के क्रमवार तरीके सहित अन्य बातों का विशेष ध्यानपूर्वक स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने सुरक्षा की दृष्टि से पुलिसकर्मियों का ड्यूटी चार्ट सहित अन्य व्यवस्थाओं के बारे में जाना। कहा कि सभी व्यवस्था चाक चौबंद कर ली जाएं।

# उज्जवल भारत का सोलर शाखा का शुभारंभ

**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ )।** बिकानेर वाला निकट स्थित सिल्वर सिटी उज्जवल भारत का सोलर शाखा का बुधवार विधिवत पूजा पाठ के साथ शुभारंभ हुआ। शुभारंभ भाजपा नेता सतेंद्र त्यागी ने किया। इस मौके पर शाखा संचालक महेश कुमार कश्यप ने इस योजना के विषय में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि इस योजना में भारत सरकार काफी अनुदान भी मिलता है। इस सिस्टम को लगाने में जीरों बिल आएगा। इस मौके पर सतेंद्र त्यागी के अलावा पूर्व चेयरमैन अशोक माहेश्वरी, यतीश त्यागी सहित काफी गणमान्य लोग मौजूद रहे।



## अवैध शराब समेत तस्कर गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद।** लोकसभा चुनाव को लेकर नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत राजकीय पुलिस (जीआरपी) ने एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया तस्कर हरियाणा व अरुणांचल शराब की तस्करी कर रहा था। हरियाणा से शराब लेकर गाजियाबाद में सप्लाई के लिए लेकर आया था। मगर उससे पहले ही जीआरपी की टीम ने दबोच लिया। जीआरपी प्रभारी अनुज मलिक ने बताया बुधवार को चेकिंग के दौरान दरोगा लक्ष्मीकांत सिंह की टीम ने प्लेटफार्म नंबर-5/6 से अलीगढ़ लगे साइन बोर्ड से कुछ दूरी पर रवि कुमार गोयल पुत्र राम कुमार गोयल निवासी विजय नगर को गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से 36 पव्वे क्रेजी रोमियो विहस्की अरुणाचंल मार्का और 6 बोतल इम्पीरियल ब्लू अंग्रेजी शराब हरियाणा मार्का बरामद किया गया। बरामद शराब की कीमत करीब 15 हजार रुपये है। पकड़ा गया तस्कर उक्त शराब को हरियाणा व अरुणांचल से सस्ते दामों में खरीद कर अपने गांव व शहर में बेचने की फिराक में था। जिसका आपराधिक इतिहास चलाया जा रहा है। जीआरपी प्रभारी ने बताया लोकसभा चुनाव को लेकर रेलवे स्टेशन व ट्रेनों में नशीले पदार्थों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है।

# 61 बुजुर्गो व 78 दिव्यांगों ने घर से मतदान के लिए किया आवेदन, अभियान आज से शुरू

**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ )।** चुनाव आयोग द्वारा घर बैठे मतदान करने की सुविधा प्रदान किए जाने के तहत मोदीनगर-बागपत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के मोदीनगर विधानसभा क्षेत्र से 61 बुजुर्गो तथा 78 दिव्यांगों ने घर से ही मतदान करने के लिए आवेदन किया है। घर-घर जाकर मतदान कराने का अभियान अब 18 अप्रैल ( आज गुरूवार ) से चालू होगा जो 20 अप्रैल तक शाम पांच बजे तक जारी रहेगा। 85 वर्ष से अधिक आयु के अशक्त 61 बुजुर्ग तथा 78 दिव्यांग



जन घर बैठे ही मतदान करेंगे। जिला निर्वाचन विभाग की तरफ से गठित टीमों में एक-एक पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी व माइक्रो आर्ब्जवर के साथ-साथ वीडियोग्राफर एवं दो-दो पुलिस कर्मी शामिल किए गए हैं। ये टीमें आवेदक मतदाता ( बुजुर्ग एवं दिव्यांग ) के घर-घर जाकर विधिवत रूप से मतदान कराएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी इंद्र

# एनडीए के प्रत्याशी डॉ राजकुमार सांगवान ने मोदीनगर विधानसभा क्षेत्र के 10 दोनों गांव का किया दौरा

**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ )।** बागपत लोकसभा से एनडीए के प्रत्याशी डॉ राजकुमार सांगवान ने बुधवार को मोदीनगर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांव में कार्यक्रम अबुपुर, मोहम्मदपुर कदीम, फतेहपुर/ सिखेड़ा, फफराना, पैंगा, उजैड़ा, नगला आखू , सुहाना, भनेड़ा, खिन्दौडा मोहम्मदपुर आगद बागपत, मतौर, पतला, निवाडी, याकूतपुर मऊ ,एम पी सिखेडा, सारा, का दौरा किया।इस अवसर पर उनके साथ चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी प्रदेश अध्यक्ष सहकारिता प्रकोष्ठ, अनिल



चेयरमैन निवाड़ी, चौधरी तेजपाल सिंह, चौधरी मनवीर सिंह, मोदीनगर विधायक मंजू सिवाच, रामआसरे शर्मा, पूर्व विधायक सुदेश शर्मा, विधायक अजीत पाल त्यागी, लोनी चेयरमैन मनोज धामा, एड कुंवर अयूबअली, अजयपाल प्रमुख, राजीव प्रमुख,राहुल डैनी,कृष्णवीर प्रमुख, पतला चेयरमैन रीता चौधरी, योगेंद्र सिंह व देवेंद्र सिंह पतला, रणबीर दहिया, एडवोकेट अजय वीर सिंह, सुनील चरोरा, कपिल चौधरी, जयदीप पतला, प्रदीप योगी, लोकेश चौधरी कोटगांव, नीरज त्यागी, जितेंद्र सिंह, आदि कार्यक्रम मे शामिल हुए।

# समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर क्षेत्र में करेंगे विकास के नये आयाम स्थापित: अतुल गर्ग



**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग द्वारा बुधवार को लाईनपार विजयनगर व प्रताप विहार में रोजबैल पब्लिक स्कूल व लीलावती स्कूल में बड़ी जनसभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र की जनता का मोदी जी व योगी के नाम पर अपार जनसमर्थन मिल रहा है। समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर क्षेत्र में विकास के नये आयाम स्थापित कराउंगा। महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने कहा कि आपका एक एक वोट मोदी सरकार को मजबूती प्रदान करेगा। पूर्व महापौर आशा शर्मा ने कहा कि अबकी बार क्षेत्रीय जनता को स्थानीय प्रत्याशी का लाभ रहेगा व सहज उपलब्धता रहेगी। पूर्व महानगर संयोजक सरदार एसपी सिंह ने कहा कि हमारी एक वोट मोदी जी की गारंटी को ताकत देने का काम करेगी। पूर्व पार्षद अनिल स्वामी व रालोद नेता इन्द्रजीत सिंह टीटू ने भी सभा को संबोधित किया। संचालन शहर विधानसभा संयोजक सुनील यादव ने किया। सभा में मंडल अध्यक्ष सुधीर शर्मा व देवेन्द्र त्रिपाठी, मंडल महामंत्री, आयोजक जोगिंदर सिंह बग्गू व सोनू बग्गा, सभी पार्षदगण कन्हैया, संतोष राणा, संतराम यादव, मनजीत सिंह, हरप्रीत सिंह जग्गी, आर के आर्य, सुरेन्द्र नागर, देसराज देसी, गुलशन भामरी, साक्षी नारंग, सुखविंदर सिंह, हरजीत सिंह बिट्टू, झुझार सिंह, पवन शर्मा, गोपाल शिशौदिया, ओमप्रकाश ओड, प्रेमचंद पाल, घनश्याम कोरी, विजय गौतम, आशु गुर्जर, जोगिंदर यादव आदि उपस्थित रहे। कई सामाजिक संगठनों व व्यापार मंडल द्वारा प्रत्याशी अतुल गर्ग का सम्मान किया गया। कोरी समाज द्वारा भी स्वागत करते हुए अपना पूर्ण समर्थन देने का ऐलान किया।

# कैबिनेट मंत्री ने साहिबाबाद में किया लोकसभा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन



**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** साहिबाबाद में भाजपा के लोकसभा चुनाव कार्यालय का बुधवार को विधिविधान से हवन पूजन कर उद्घाटन, मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, साहिबाबाद विधानसभा चुनाव संयोजक राजेश्वर प्रसाद, साहिबाबाद विधानसभा विस्तारक अजीत पटेल ने संयुक्त रुप से फीता काटकर चुनाव कार्यालय का शुभारंभ किया। मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि साहिबाबाद क्षेत्र की जनता का सभी चुनावों में भाजपा प्रत्याशी पर विशेष कृपा की जाती रही है और इस बार भी यह कृपा भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग पर रहने वाली है। स्थानीय होने का लाभ क्षेत्र की जनता को भी मिलेगा। 26 अप्रैल को वोट अवश्य डालें और सभी को प्रेरित भी करें। संजीव शर्मा ने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में देश में विकास के लिए अतुल गर्ग को भी जिताना हमारा कर्तव्य है।

## लोकसभा चुनाव 2024

# राहुल गांधी व अखिलेश यादव ने गाजियाबाद में की संयुक्त प्रेसवार्ता

ललित कुमार

**गाजियाबाद।** बुधवार को गाजियाबाद के कौशांबी में एक होटल में पूर्व कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी व सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एक संयुक्त प्रेसवार्ता में भाजपा पर जमकर हमला किया। इन दोनों इंडिया गठबंधन के नेताओं ने प्रधानमंत्री मोदी, आरएसएस व भाजपा के खिलाफ जमकर अपनी भड़ास निकाली। इंडिया गठबंधन के ये दोनों नेता गाजियाबाद लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा के पक्ष में प्रचार करने के लिए यहां पहुंचे थे।

पूर्व कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व भाजपा सरकार को घेरते हुए आरोप लगाया कि केन्द्र की भाजपा सरकार संविधान बदलने को कोशिश में है, जबकि कांग्रेस व इंडिया गठबंधन के सभी राजनीतिक दल संविधान को बचाने में लगे हुए हैं राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेसव इंडिया गठबंधन में शामिल दलों के मुख्य मुद्दे बेरोजगारी, महंगाई व भागीदारी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने 10 साल के कार्यकाल में देश के गरीबों के लिए कुछ नहीं किया। उन्होंने केवल कुछ अमीर दोस्तों के लिए हीकाम किया। राहुल गांधी के देश से गरीबी एक झटके में गरीबी मिटाने वाले बयान पर सफाई दी कि हमने एक झटके में गरीबी हटाने के लिएनहीं, बल्कि गरीबी पर गहरी चोट करने की बात कही थी। उत्तर प्रदेश में 80 लोकसभा सीटों पर कांग्रेस के महज 17 सीटों पर प्रत्याशी खड़ा किये जाने के सवाल पर राहुल गांधी ने कि उनकी पार्टीने सपा को ओपन माइंड से सीटें दी हैं। जब राहुल ने पूछा गया कि 2017 के चुनाव में भी सपा कांग्रेस ने मिलकर चुनाव लड़ा था लेकिन यह गठबंधन फ्लॉप साबित हुआ था। लोकसभा चुनाव में सपा-कांग्रेस गठबंधन की जरुरत कैसे महसूस हुई। इस सवाल का अखिलेश यादव व राहुल गांधी ने बस इतना कहा कि इस बार इंडिया गठबंधन प्रदेश में मजूबत स्थिति में हैं और हम बेहतर प्रदर्शन करेंगे। राहुल गांधी ने कांग्रेस के घोषणा पत्रमें दिये गये बिन्दुओं को ही दोहराया। जातिगत मतगणना कांग्रेस ही नहीं इंडिया गठबंधन का भी मुद्दा है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी की ओर से कांग्रेस के घोषणा पत्र में दिये गये मुद्दों के संबंध में कोईसुझाव आते है तो कांग्रेस सपा के उन सुझावों को अपने घोषणा पत्र में जोड़ने का काम करेगी।



**10** साल के कार्यकाल में देश के गरीबों के लिए कुछ नहीं किया।

- राहुल बोले-इलेक्ट्रोरिल बॉड दुनिया की सबसे बड़ा एक्सटॉर्शन स्कैम, अखिलेश बोले- लूट और झूठ ही भाजपा की पहचान
- इंडिया गठबंधन के नेताओं ने कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा की मुलाकात

### राहुल गांधी के आरोप

- आरआरएस ब भाजपा सरकार संविधान बदलने को कोशिश में है
- मोदी ने 10 साल में गरीबों के लिए कुछ नहीं किया, केवल अपने अमीर उद्यमियों को और अमीर बनाया
- भाजपा इस चुनाव में 150 सीटों पर ही सिमट जाएगी
- प्रधानमंत्री मोदी के नजदीकी 20-25 लोगों के पास 70 करोड़ लोगों के बराबर संपत्ति

### अखिलेश के आरोप

- भाजपा ने जनता से किया कोई वादा नहीं निभाया, सारे वादे झूठे निकले
- चुनाव बाद उत्तर प्रदेश से भाजपा का सफाया हो जाएगा
- जनता ने बदलाव का मन बनाया, सत्ता में अब बदलाव होना तय
- भाजपा ने किसानों को दोगुनी आय के सपने दिखाये थे, जो अधूरे पड़े हुए हैं।
- डबल इंजन की सरकार वाली भाजपा के होर्डिंस से प्रत्याशियों के फोटो ही गायब

### 20-25 लोगों पर ही 70 करोड़ लोगों के बराबर संपत्ति

- राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर आरोप लगाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री गरीबों के लिएकाम करने की बजाय अपने 20-22 लोगों के लिएकाम करते हैं। राहुल गांधी ने कहा कि मोदी सरकार इन अमीर उद्योगपतियों के लिएही कार्य करती है। ये सभी मोदी के बहुत खास उद्यमी हैं। इन 20-25 लोगों पर देश के 70 करोड़ लोगों के बराबर संपत्ति है। केन्द्र सरकार गरीबों के हितों की काम करने की बजाय प्रधानमंत्री के खास अमीरों के विकास के लिए काम करती है।
- सपा मुखिया अखिलेशयादव ने कहा कि भाजपा ने अब तक जनता से जो भी वादे किये थे, उनमें वह कोई भी पूरा नहीं कर पायी है। भाजपा के सभी वादे झूठे ही निकले। भाजपा ने किसानों को दोगुनी आय के सपने दिखाये थे, लेकिन वे सब अधूरे पड़े हुए हैं। प्रदेश व केंद्र में डबल इंजन की सरकार होने के बावजूद भाजपा के होर्डिंस से लोकसभा प्रत्याशियों के फोटो ही गायब हैं।
- प्रधानमंत्री मोदी व मुख्यमंत्री योगी का नाम लिये बगैर अखिलेश ने कहा कि भाजपा के चुनावी होर्डिंग में केवल दो लोगों के ही फोटो नजर आ रहे हैं और चुनाव बाद जिन नेता को फोटो हैं वे फिर गायब हो जाएंगे।
- सपा मुखिया ने दावा कि उत्तर प्रदेश की जनता ने अब बदलाव का मन बनाया है और इसी के चलते चुनाव के बाद प्रदेश में भारी बदलाव देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि गाजियाबाद से शुरू हुई गाजीपुर तक जारी रहेगी एक तरह से गाजियाबाद से भाजपा के सफाई की शुरूआत होकर गाजीपुर तक समाप्त होगी।
- उन्होंने कहा कि भाजपा ने वादा किया था कि किसानों की आमदनी दोगुनी कर देंगे और युवाओं को नौकरी देंगे। इन दोनों ही बड़े वादों में से भाजपा कोई भी वादा पूरा नहीं कर पायी है।
- उन्होंने कहा कि भारत का किसान जिस दिन खुशहाल होना शुरू हो जाएगा, देश में उसी दिन से गरीबी मिटनी शुरू हो जाएगी।

### पेपर लीक होने से भाजपा के 2 लाख 25 हजार वोट घटे

समाजवादी पार्टी मुखिया अखिलेश यादव में प्रतियोगिता परीक्षाओं में हुएपेपर लीक होने को सरकार की विफलता करार दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में दस प्रतियोगिता परीक्षाओं मेंपेपर लीक हुए हैं। इससे करीब 60 हजार युवका प्रत्येक लोकसभा संसदीय क्षेत्र में प्रभावित हुएहैं। यदि इन बेरोजगार युवकों के माता पिता को भी शामिल किया जाए तो प्रत्येक लोकसभा में 1.80 लाख मतदाता भाजपा से नाराज हैं। इसका भाजपा को खामियाजा भुगतना होगा।

### भाजपा का गाजियाबाद से शुरू होकर गाजीपुर तक होगा सफाया

गाजियाबाद में ही प्रेसवार्ता करने के सवाल पर अखिलेश यादव ने जवाब देते हुएकहा कि क्योंकि लोकसभा चुनाव में भाजपा का सफाया होने जा रहा है और इसकी शुरूआत गाजियाबाद से शुरू होगी।उन्होंने कहा कि गाजियाबाद से लेकर गाजीपुर तक भाजपा का सफाया होना है, इसलिए प्रेसवार्ता के लिए गाजियाबाद को चुना गया।

## संक्षिप्त समाचार

### लैपटॉप चोरी कर शिक्षिका की अश्लील फोटो वायरल की धमकी देने वाले दो शातिर गिरफ्तार



- पुलिस ने चोरी का लैपटॉप, वेब कैमरा एवं तीन मोबाइल बरामद किया है।

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** ऑफिस से लैपटॉप चोरी कर उसमें रखी गोपनीय फोटो को वायरल करने की धमकी देकर 20 लाख की फिरोती मांगने वाले दो शातिरों को थाना शालीमार गार्डन पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से पुलिस ने चोरी का लैपटॉप, वेब कैमरा एवं तीन मोबाइल बरामद किया है। थाना साहिबाबाद में बुधवार को चोरी की घटना का खुलासा करते हुए डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष पाटिल ने एसीपी थाना शालीमार गार्डन की मौजूदगी में बताया कि 22 मार्च को थाना शालीमार गार्डन में पीड़ित शिक्षिका ने तहरीर दी कि नवंबर माह में शालीमार गार्डन में उनके ऑफिस में उनका लैपटॉप एवं अन्य सामान चुरा लिया था। 21 मार्च के आसपास शिक्षिका को कॉल करके ब्लैकमेलर्स ने धमकी दी कि अगर उसने उन्हें 20 लाख रुपये नहीं दिये तो वे उसकी अश्लील पिक्स एवं वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल कर देंगे। पीड़िता की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर घटना के खुलासे के लिए टीमों का गठन किया गया। मैनुअल इनपुट, सीसीटीवी फुटेज की साहयता से एवं चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर बुधवार को डीएवी कट से आजाद सिंह पुत्र दयाशंकर मूल पता गांव जरार तहसील बाह आगरा और अंकित पुत्र किरनपाल निवासी इन्द्र पब्लिक स्कूल पसौंडा शालीमार गार्डन को गिरफ्तार किया गया।

### रील बना रही महिला से लूट करने वाला बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** रील बना रही महिला से लूट की वारदात को अंजाम देने वाले शातिर बदमाश को इंदिरापुरम पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। साथ ही पुलिस ने लूट का माल खपाने वाले सुनार को भी गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से तमंचा, कारतूस, लूट का मंगलसूत्र एवं लूट की चैन को बेचकर मिले 9000 रुपये बरामद किया है।



एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र सिंह ने बताया 24 मार्च को पीड़ित महिला घर के बाहर रील बना रही थी। तभी रील बनाते समय उसके गले से चैन व मंगलसूत्र बाइक सवार बदमाश लूट कर फरार हो गए। पीड़िता की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर घटना के खुलासे के लिए टीम का गठन किया गया। मंगलवार रात को मुखबिर की सूचना पर चेकिंग के दौरान इंदिरापुरम एसएचओ जितेन्द्र सिंह की टीम ने शातिर लुटेरा विवेक उर्फ राजू उर्फ काके पुत्र मोहन लाल निवासी पुरानी अनार कली जगतपुरी पूर्वी दिल्ली को कश्मीरी गेट रेलवे स्टेशन दिल्ली के पास बुधवार तड़के गिरफ्तार किया गया।

### यूपीएससी: चौथे प्रयास में हार्दिक चंदेल को मिली 304 रैंक, पूर्व पार्षद ने दी बधाई



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने सिविल सेवा परीक्षा-2023 का रिजल्ट जारी कर दिया। इसमें 1016 कैंडिडेट पास हुए। इस परीक्षा में आजमगढ़ के रानी की सराय थाना क्षेत्र के गंधुई गांव के रहने वाले हार्दिक चंदेल ने 304वीं रैंक हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। सिविल सेवा की परीक्षा के लिए हार्दिक चंदेल ने तीन अटेम्प्ट दिए। तीसरे अटेम्प्ट में हार्दिक चंदेल का चयन हो गया था और दिल्ली के दरियाबाद में अंडर ट्रेनिंग आईएएस की ट्रेनिंग भी कर रहे हैं। वर्ष 2022 में दिए गए अटेंप्ट में हार्दिक चंदेल को 700 वीं रैंक प्राप्त की थी। हार्दिक चंदेल ने 304 वीं रैंक हासिल कर आजमगढ़ के साथ-साथ गाजियाबाद का भी नाम रौशन किया है। बुधवार को पूर्व पार्षद डॉ मनोज गोयल ने वैशाली सेक्टर एक उनके निवास पर पहुंच कर हार्दिक चंदेल को फूलों का गुलदस्ता भेंट कर बधाई दी। इस दौरान उनकी माता आकांक्षा सिंह, पिता अरुण कुमार सिंह, भाजपा नेता अवधेश कटिहार, शिव शंकर उपाध्याय, बिजी सिंह उपस्थित रहे। हार्दिक चंदेल को यह सफलता इन्हें चौथे प्रयास में मिली है। हार्दिक ने 2019 में एनआईटी, कुरुक्षेत्र से बीटेक इलेक्ट्रॉनिक एंड कम्यूनिकेशन से किया है। इसके बाद से ही उन्होंने सिविल सर्विस की तैयारी शुरू कर दी थी। तैयारी के लिए उन्होंने कोचिंग भी किया। हार्दिक चंदेल ने बताया कि तैयारी के दौरान वह सोशल मीडिया पर बहुत कम समय बिताते थे। उन्होंने कहा सिविल सर्विस की तैयारी करने वाले युवाओं के लिए कहा कि असफलता से निराश होने की बजाय अतिरिक्त उत्साह के साथ तैयारी करना चाहिए, सफलता मिलती ही है।

## स्टार प्रचारक राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने अतुल गर्ग के लिए किया प्रचार

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** आगामी लोकसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी के नेता पूरी मेहनत से चुनाव प्रचार और लोगों को मतदान के लिए जागरूक करने में जुटे हुए हैं। इसी कड़ी में बुधवार को स्वतंत्र प्रभार मंत्री पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण नरेंद्र कश्यप ने गाजियाबाद से लेकर लोनी तक एक के बाद एक कई कार्यक्रम और भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग के लिए जनसंपर्क करते हुए वोट मांगे। इस दौरान राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि अतुल गर्ग को गाजियाबाद लोकसभा सीट पर रिकार्ड मतों से विजय दिलानी है। इसके साथ ही मतदान वाले दिन सभी लोगों को घर से बाहर निकाल कर प्रत्याशी की विजय के लिए संकल्प भी लेना है।



इस दौरान उन्होंने भारतीय जनता पार्टी की 2024 में मोदी के नेतृत्व वाली सरकार को बनाने के लिए लोगों से अपील भी की। राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप का कहना है कि जिस प्रकार से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के लोगों के लिए सोचा है, ऐसा प्रधानमंत्री देश को पहली बार मिला है। राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप ने बुधवार सुबह अपने घर संजय नगर से अतुल गर्ग के जनसंपर्क एवं प्रचार करते हुए रामलीला कमेटी सुल्लामल द्वारा आयोजित सुंदरकांड में पहुंचे।

## उधार लिए 29.40 लाख रुपये हड़पने के लिए चेक चुराकर बाउंस कराने का आरोप

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** नोएडा निवासी पीओपी कारोबारी ने बुलंदशहर के व्यक्ति पर उधार लिए 29.40 लाख रुपये हड़पने के लिए चेक चुराकर बाउंस कराने का आरोप लगाया है। इस संबंध में कारोबारी ने कोर्ट के आदेश पर नंदग्राम थाने में केस दर्ज कराया है। पुलिस का कहना है कि जांच कर आगामी कार्रवाई की जाएगी।

नोएडा सेक्टर-63 के सरफाबाद निवासी सुरेंद्र यादव उर्फ सल्लू ने बुलंदशहर के गांव पचौता निवासी नितिन यादव के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर नंदग्राम थाने में केस दर्ज कराया है। सुरेंद्र यादव का कहना है कि वह अपनी फर्म के जरिये बहुमंजिला इमारतों में पीओपी का काम करते हैं। जब वह नोएडा सेक्टर-75 की एम्स मैक्स गार्डनिया सोसाइटी में काम कर रहे थे तो उनकी मुलाकात नितिन यादव से हुई। सुरेंद्र का कहना है कि उनकी बुआ की ससुराल भी पचौता गांव में है, लिहाजा नितिन यादव उनसे नजदीकियां बढ़ाने लगा। घनिष्ठता होने पर नितिन यादव जरूरत पर उनसे पैसे उधार मांग लेता था। 22 अगस्त को हिसाब करने पर पता चला कि नितिन यादव पर उनके 29.40 लाख रुपये गए हुए हैं। आरोप है कि नितिन यादव अपनी डायरी से मिलान करने के लिए उनकी डायरी अपने साथ ले गया। 24 अगस्त को गाड़ी में रखा उनका बैग गायब मिला, जिसमें तीन खाली चेक भी थे। उधर नितिन यादव ने पैसे नहीं दिए तो उन्होंने उन्हें वकील से नोटिस भिजवाया।

### एमएमजी में दांतों के एक्स-रे पर लगा ताला, बाहर करवाने को मजबूर

**गजियाबाद।** जिला एमएमजी अस्पताल में दातों का एक्स-रे नहीं हो रहा है। मरीजों को कई दिन बात की डेट दी जा रही है। मजबूरी में मरीज निजी लैब पर एक्स-रे करवा रहे हैं। इसके अलावा आरोप यह भी है कि डॉक्टर मरीजों को बाहर की दवाएं लिख रहे हैं। मामले में मुख्यमंत्री से शिकायत की गई है। चिरंजीव विहार निवासी निशांत डाढ़ में परेशानी के चलते एमएमजी अस्पताल पहुंचे थे। डॉक्टर ने उन्हें एक्स-रे करवाने के लिए कहा, लेकिन अस्पताल में दातों का एक्स-रे नहीं हो रहे हैं।

## जब तक देश में भाजपा तब तक किसानों-मजदूरों का नहीं होगा भला: डॉली शर्मा

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** इंडिया गठबंधन प्रत्याशी डॉली शर्मा ने मुरादनगर विधानसभा क्षेत्र का तूफानी दौरा किया। इस दौरान उन्होंने किसानों, युवाओं और महिलाओं के हितों को लेकर मोदी सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार आम लोगों के हक हुकूक की रक्षा करने में पूरी तरह से विफल रही है। लोगों की भावनाओं को भडकाकर सत्ता हासिल की। गठबंधन प्रत्याशी ने कहा कि मुरादनगर के लोग इस हकीकत को समझें और मोदी सरकार को सत्ता से बेदखल करने के लए कमर कस लें। चुनाव प्रचार के दौरान डॉली शर्मा ने आम लोगों को कांग्रेस पार्टी की विभिन्न गारंटियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 2024 में कांग्रेस गठबंधन वाली पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी। सरकार बनने पर पांच वर्गों यानि किसान, युवा, महिला, श्रमिकों आदि से जुड़ी गारंटियां लागू की जाएंगी। आम लोगों के सशक्तिकरण की कोशिश की जाएगी। डॉली शर्मा ने खुरर्मपुर में कपिल त्यागी के नेतृत्व में आयोजित बैठक को संबोधित किया। ग्राम सरना, मुरादनगर में जनसंपर्क अभियान चलाया। बहादुरपुर गांव, रजापुर ब्लॉक में उन्होंने हेमंत त्यागी के घर बैठक की। मकरेड़ा, महमूदाबाद में आनंद त्यागी के नेतृत्व में बैठक की। मथुरापुर गांव में संतराम त्यागी के घर हुई बैठक में उन्होंने हिस्सा लिया। शाहपुर गांव में छुट्टन त्यागी और विनीत त्यागी के नेतृत्व में बैठक को उन्होंने संबोधित किया। बैठकों के दौरान उन्होंने किसानों का हौसला बढ़ाया।

